# Analysis of Pupil Performance

## Year 2017 Examination

ICSE

# हिन्दी




*Research Development and Consultancy Division*

**Council for the Indian School Certificate Examinations**

**New Delhi**

**Year 2017**

---

***Published by*:**

Research Development and Consultancy Division (RDCD)

Council for the Indian School Certificate Examinations

Plot No. 35-36, Sector VI

Pushp Vihar, Saket

New Delhi-110017

Tel: (011) 29564831/33/37
E-mail: council@cisce.org

**© Copyright, Council for the Indian School Certificate Examinations**

All rights reserved. The copyright to this publication and any part thereof solely vests in the Council for the Indian School Certificate Examinations. This publication and no part thereof may be reproduced, transmitted, distributed or stored in any manner whatsoever, without the prior written approval of the Council for the Indian School Certificate Examinations.

# FOREWORD

This document of the Analysis of Pupils' Performance at the ISC Year 12 and ICSE Year 10 Examination is one of its kind. It has grown and evolved over the years to provide feedback to schools in terms of the strengths and weaknesses of the candidates in handling the examinations.

We commend the work of Mrs. Shilpi Gupta (Deputy Head) and the Research Development and Consultancy Division (RDCD) of the Council who have painstakingly prepared this analysis. We are grateful to the examiners who have contributed through their comments on the performance of the candidates under examination as well as for their suggestions to teachers and students for the effective transaction of the syllabus.

We hope the schools will find this document useful. We invite comments from schools on its utility and quality.

**Gerry Arathoon**
**Chief Executive & Secretary**

**November 2017**

# PREFACE

The Council has been involved in the preparation of the ICSE and ISC Analysis of Pupil Performance documents since the year 1994. Over these years, these documents have facilitated the teaching-learning process by providing subject/ paper wise feedback to teachers regarding performance of students at the ICSE and ISC Examinations. With the aim of ensuring wider accessibility to all stakeholders, from the year 2014, the ICSE and the ISC documents have been made available on the Council's website www.cisce.org.

The document includes a detailed qualitative analysis of the performance of students in different subjects which comprises of examiners' comments on common errors made by candidates, topics found difficult or confusing, marking scheme for each answer and suggestions for teachers/ candidates.

In addition to a detailed qualitative analysis, the Analysis of Pupil Performance documents for the Examination Year 2017 have a new component of a detailed quantitative analysis. For each subject dealt with in the document, both at the ICSE and the ISC levels, a detailed statistical analysis has been done, which has been presented in a simple user-friendly manner.

It is hoped that this document will not only enable teachers to understand how their students have performed with respect to other students who appeared for the ICSE/ISC Year 2017 Examinations, how they have performed within the Region or State, their performance as compared to other Regions or States, etc., it will also help develop a better understanding of the assessment/ evaluation process. This will help them in guiding their students more effectively and comprehensively so that students prepare for the ICSE/ ISC Examinations, with a better understanding of what is required from them.

The Analysis of Pupil Performance document for ICSE for the Examination Year 2017 covers the following subjects: English (English Language, Literature in English), Hindi, History, Civics and Geography (History & Civics, Geography), Mathematics, Science (Physics, Chemistry, Biology), Commercial Studies, Economics, Computer Applications, Economics Applications, Commercial Applications.

Subjects covered in the ISC Analysis of Pupil Performance document for the Year 2017 include English (English Language and Literature in English), Hindi, Elective English, Physics (Theory and Practical), Chemistry (Theory and Practical), Biology (Theory and Practical), Mathematics, Computer Science, History, Political Science, Geography, Sociology, Psychology, Economics, Commerce, Accounts and Business Studies.

I would like to acknowledge the contribution of all the ICSE and the ISC examiners who have been an integral part of this exercise, whose valuable inputs have helped put this document together.

I would also like to thank the RDCD team of Dr. Manika Sharma, Dr. M.K. Gandhi, Ms. Mansi Guleria and Mrs. Roshni George, who have done a commendable job in preparing this document. The statistical data pertaining to the ICSE and the ISC Year 2017 Examinations has been provided by the IT section of the Council for which I would like to thank Col. R. Sreejeth (Deputy Secretary - IT), Mr. M.R. Felix, Education Officer (IT) – ICSE and Mr. Samir Kumar, Education Officer (IT) - ISC.

***Shilpi Gupta***
***Deputy Head - RDCD***

***November 2017***

# CONTENTS


| | Page No. |
|---|---|
| *FOREWORD* | *i* |
| *PREFACE* | *ii* |
| **INTRODUCTION** | **1** |
| **QUANTITATIVE ANALYSIS** | **3** |
| **QUALITATIVE ANALYSIS** | **10** |

# INTRODUCTION

This document aims to provide a comprehensive picture of the performance of candidates in the subject. It comprises of two sections, which provide Quantitative and Qualitative analysis results in terms of performance of candidates in the subject for the ICSE Year 2017 Examination. The details of the Quantitative and the Qualitative analysis are given below.

## Quantitative Analysis

This section provides a detailed statistical analysis of the following:

- Overall Performance of candidates in the subject (Statistics at a Glance)
- State wise Performance of Candidates
- Gender wise comparison of Overall Performance
- Region wise comparison of Performance
- Comparison of Region wise performance on the basis of Gender
- Comparison of performance in different Mark Ranges and comparison on the basis of Gender for the top and bottom ranges
- Comparison of performance in different Grade categories and comparison on the basis of Gender for the top and bottom grades

The data has been presented in the form of means, frequencies and bar graphs.

### Understanding the tables

Each of the comparison tables shows N (Number of candidates), Mean Marks obtained, Standard Errors and t-values with the level of significance. For t-test, mean values compared with their standard errors indicate whether an observed difference is likely to be a true difference or whether it has occurred by chance. The t-test has been applied using a confidence level of 95%, which means that if a difference is marked as 'statistically significant' (with * mark, refer to t-value column of the table), the probability of the difference occurring by chance is less than 5%. In other words, we are 95% confident that the difference between the two values is true.

t-test has been used to observe significant differences in the performance of boys and girls, gender wise differences within regions (North, East, South and West), gender wise differences within marks ranges (Top and bottom ranges) and gender wise differences within grades awarded (Grade 1 and Grade 9) at the ICSE Year 2017 Examination.

The analysed data has been depicted in a simple and user-friendly manner.


Given below is an example showing the comparison tables used in this section and the manner in which they should be interpreted.

**Comparison on the basis of Gender**

| Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|
| Girls | 2,538 | 66.1 | 0.29 | 11.91* |
| Boys | 1,051 | 60.1 | 0.42 | |

*Significant at 0.05 level

**Girls performed significantly better than boys.**



The results have also been depicted pictographically. In this case, the girls performed significantly better than the boys. This is depicted by the girl with a medal.


The table shows comparison between the performances of boys and girls in a particular subject. The t-value of 11.91 is significant at 0.05 level (mentioned below the table) with a mean of girls as 66.1 and that of boys as 60.1. It means that there is significant difference between the performance of boys and girls in the subject. The probability of this difference occurring by chance is less than 5%. The mean value of girls is higher than that of boys. It can be interpreted that girls are performing significantly better than boys.

## Qualitative Analysis


The purpose of the qualitative analysis is to provide insights into how candidates have performed in individual questions set in the question paper. This section is based on inputs provided by examiners from examination centres across the country. It comprises of question wise feedback on the performance of candidates in the form of *Comments of Examiners* on the common errors made by candidates along with *Suggestions for Teachers* to rectify/ reduce these errors. The *Marking Scheme* for each question has also been provided to help teachers understand the criteria used for marking. Topics in the question paper that were generally found to be difficult or confusing by candidates, have also been listed down, along with general suggestions for candidates on how to prepare for the examination/ perform better in the examination.

# QUANTITATIVE ANALYSIS






## STATISTICS AT A GLANCE






# PERFORMANCE (STATE-WISE & FOREIGN)




**The States/UTs of Puducherry, Rajasthan and Haryana secured highest mean marks. Mean marks secured by candidates studying in schools abroad were 85.7.**



# GENDER-WISE COMPARISON



**GIRLS**

Mean Marks: 88.1

Number of Candidates: 52,410

**BOYS**



Mean Marks: 84.8


Number of Candidates: 66,511

## Comparison on the basis of Gender

| Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|
| Girls | 52,410 | 88.1 | 0.03 | 61.63* |
| Boys | 66,511 | 84.8 | 0.04 | |


*Significant at 0.05 level

**Girls performed significantly better than boys.**






# REGION-WISE COMPARISON



## Mean Marks obtained by Boys and Girls-Region wise





## Comparison on the basis of Gender within Region

| Region | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| North (N) | Girls | 23,131 | 89.0 | 0.05 | 45.87* |
| | Boys | 31,309 | 85.7 | 0.05 | |
| East (E) | Girls | 15,683 | 87.1 | 0.07 | 34.09* |
| | Boys | 19,609 | 83.7 | 0.08 | |
| South (S) | Girls | 5,205 | 84.1 | 0.14 | 19.26* |
| | Boys | 5,240 | 79.9 | 0.17 | |
| West (W) | Girls | 8,270 | 89.7 | 0.07 | 25.89* |
| | Boys | 10,228 | 86.9 | 0.08 | |
| Foreign (F) | Girls | 121 | 86.8 | 0.73 | 1.91 |
| | Boys | 125 | 84.7 | 0.87 | |

*Significant at 0.05 level

**The performance of girls was significantly better than that of boys in all the regions except foreign region wherein no significant difference was observed between the average performance of girls and boys.**





# MARK RANGES : COMPARISON GENDER-WISE

**Comparison on the basis of gender in top and bottom mark ranges**

| Marks Range | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| Top Range (81-100) | Girls | 45,909 | 90.4 | 0.02 | 43.03* |
| | Boys | 51,187 | 89.3 | 0.02 | |
| Bottom Range (0-20) | Girls | 0 | 0 | 0 | - |
| | Boys | 7 | 19.1 | 0.51 | |


*Significant at 0.05 level

**Marks Range (81-100)**

**Performance of girls was significantly better than the performance of boys.**

**Marks Range (81-100)**








# GRADES AWARDED : COMPARISON GENDER-WISE


## Comparison on the basis of gender in Grade 1 and Grade 9

| Grades | Gender | N | Mean | SE | t-value |
|---|---|---|---|---|---|
| Grade 1 | Girls | 28,288 | 92.9 | 0.01 | 19.44* |
| | Boys | 25,510 | 92.5 | 0.01 | |
| Grade 9 | Girls | 0 | 0 | 0 | - |
| | Boys | 7 | 19.1 | 0.51 | |

*Significant at 0.05 level

**In Grade 1, average performance of girls was significantly better than that of boys.**



# QUALITATIVE ANALYSIS

## SECTION A (40 Marks)

*Attempt **all** questions*

## Question 1

Write a short composition in Hindi of approximately 250 words on any one of the following topics :—
निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी मे लगभग 250 शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :— [15]

(i) पुस्तकें ज्ञान का भंडार होती हैं तथा हमारी सच्ची मित्र एवम् गुरुभी होती हैं। हाल ही में पढ़ी गई अपनी किसी पुस्तक के विषय में बताते हुए लिखिए कि वह आपको पसन्द क्यों आई और आपने उससे क्या सीखा ?

(ii) 'पर्यावरण है तो मानव है' विषय को आधार बनाकर पर्यावरण सुरक्षा को लेकर आप क्या–क्या प्रयास कर रहे हैं ? विस्तार से लिखिए।

(iii) कम्प्यूटर तथा मोबाइल मनोरंजन के साथ–साथ हमारी ज़रूरत का साधन अधिक बन गए हैं। हर क्षेत्र में इनसे मिलने वाले लाभों तथा हानियों का वर्णन करते हुए, अपने विचार लिखिए।

(iv) अरे मित्र ! ''तुमने तो सिद्ध कर दियाकि तुम ही मेरे सच्चे मित्र हो''इस पंक्ति से आरम्भ करते हुए कोई कहानी लिखिए।

(v) प्रस्तुत चत्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कोई लेख, कहानी अथवा घटना लिखिये जिसका सीधा व स्पष्ट सम्बन्ध चित्र से होना चाहिये।



## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश विद्यार्थियें ने इस विषय का चयन किया। छात्रों ने पुस्तक के महत्व के बारे में उत्तम विचार लिखे। कुछ छात्रों ने 'रामायण' एवं 'महाभारत' जैसी पुस्तकों का उदाहरण देते हुए अपनी पसंद का परिचय दिया परन्तु कुछ छात्र अपनी प्रिय पुस्तक का वर्णन विस्तार से नही कर पाए। पुस्तक आपको पंसद क्यों आई तथा इससे क्या सीख मिली' इन बिन्दुओं को स्पष्ट करने में असफल रहे। भूमिका व उपसंहार पर भी ध्यान नहीं दिया गया। विचारों व भाषा के प्रवाह में कमी पाई गईं। भाषा संबंधी अशुद्धियॅा पाई गई। मुहावरों का प्रयोग भी कम पाया गया।

(ii) 'पर्यावरण' छात्रों का प्रिय विषय रहा। 'पर्यावरण है तो मानव है' इस बात का आशय पूर्ण रूप से बहुत ही कम विद्यार्थी स्पष्ट कर पाए। ज्यादातर विद्यार्थियों ने प्रदूषण के बारे में लिखा। 'व्यक्तिगत प्रयास के अन्तर्गत भी छात्र बहुत कम बिन्दु लिख पाए। उपसंहार लिखने में भी कई छात्र असफल रहे। भाषा के वर्तनी संबंधी त्रुटियाँ दृष्टिगोचर हुईं।

(iii) इस विषय पर ज्यादातर विद्यार्थी अपने विचार अभिव्यक्त करने में सफल रहे। इस विकल्प को सर्वाधिक छात्रों ने चुना। कुछ बच्चों ने मोबाईल के बारे में लिखा परन्तु कम्प्यूटर के बारे में नही। कहीं–कहीं पर वाक्य संरचना संबंधी दोष पाए गए। वर्तनी की त्रुटियाँ प्रचुर मात्रा में थी।

(iv) इस विकल्प को बहुत से छात्रों ने चुना। कहानी का प्रारंभ पंक्ति से नहीं किया। दिए गए निर्देश की अवेहेलना की गई। कहानी–लेखन में मौलिकता का अभाव पाया गया। भाषा बड़ी सरल व साधारण प्रयोग की गई। मित्र का परिचय, घटना तथा संवादों की भी कमी पाई गई। भाषा संबंधी दोष पाए गए।

(v) छात्रों ने इस विषय पर भी प्रस्ताव लिखा। चित्र का वर्णन करने में अधिकांश छात्र असमर्थ रहे। कुछ छात्र चित्र के आशय को भी नही समझ पाए फलस्वरूप वे बालश्रम पर लिखने में असमर्थ रहे।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– विषय को ध्यानपूर्वक पढ़ने पर बल दें। दिए गए विषय के हर बिन्दु के विकास पर बल दें। भाषा तथा विचारों के प्रवाह के लिए नियमित अभ्यास करवाएँ। निबंध का शीर्षक लिखने पर बल दें। प्रस्ताव–लेखन में चयनित विषय को प्रस्तावना, वर्णन तथा उपसंहार में बाँटकर निबंध लिखने का अभ्यास करवाए। वर्तनी तथा भाषा संबंधी अशुद्धियाँ कम करने के लिए श्रुतलेख लिखवाएँ तथा व्याकरण का नियमित अभ्यास करवाएं।

– विद्यार्थियों को समझाया जाए कि विषय का प्रत्येक बिंदु महत्वपूर्ण है। प्रत्येक बिन्दु पर उनके विचार स्पष्ट होने चाहिए। उन्हें बताएँ कि निबंध में भूमिका तथा उपसंहार लिखने का महत्व होता है। इनके लिए अलग से अंक निर्धारित होते हैं। भाषा की शुद्धता पर बल दें। प्रस्ताव–लेखन का प्रचुर मात्रा में अभ्यास करवाया जाए।

– विद्यार्थियों को विषय के प्रत्येक बिन्दु पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। विचारात्मक निबंध का कक्षा में अभ्यास करवाएँ कक्षा में वाद–विवाद भी करवाए जाए। जिससे छात्रों की तार्किक शक्ति का विकास हो। शुद्ध भाषा के प्रयोग पर बल दें।

– कक्षा में कहानी–लेखन का अभ्यास करवाएँ। मौलिकता पर बल दें। छात्रों को कहानी–लेखन के नियमों से अवगत करवाएँ। उनकी कल्पना–शक्ति का विकास करें। मुहावरों तथा अच्छी भाषा के प्रयोग पर बल दें। भाषा संबंधी त्रुटियों को दूर करें।

– कक्षा में चित्र का परिचय देते हुए उस पर आधारित कहानी, घटना अथवा लेख का विधिवत अभ्यास कराया जाना चाहिए जिससे विद्यार्थी चित्र में वर्णित आशय को भली–भांति समझकर अपने शब्दों में विस्तारपूर्वक लिखने में सक्षम हो सके।

## MARKING SCHEME

### Question 1

**(i)** भूमिका

पुस्तक ज्ञान का भंडार होता है।

ज्ञान का भंडार कैसे ?

हाल ही में पढ़ी गई पुस्तक के विषय में
पुस्तक आपको क्यों पसन्द आई?

आपने उससे क्या सीखा ?

**(ii)** भूमिका (पर्यावरण से संबंधित)

पर्यावरण सुरक्षा को लेकर आप क्या–क्या प्रयास कर रहे हैं।

उपसंहार

**(iii)** भूमिका (विज्ञान, मोबाइल, कम्प्यूटर से संबंधित)

मनोरंजन कैसे?

जरूरतें पूरी कैसे?

लाभ

हानियाँ

उपसंहार

**(iv)** भूमिका (पंक्ति का स्पष्टीकरण)

क्हानी

उपसंहार (सीख एवं निष्कर्ष)

**(v)** चित्र परिचय घटना, कहानी या लेख

# Question 2

Write a letter in **Hindi** in approximately 120 words on any one of the topics given below :—
निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिये :— [7]

(i) आपके क्षेत्र में एक ही साधारण सा सरकारी अस्पताल है, जिसके कारण आम जनता को बहुत अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।उन परेशानियों का उल्लेख करते हुए, एक और सुविधायुक्त सरकारी अस्पताल खुलवाने का अनुरोध करते हुए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए।

(ii) ओलम्पिक में अपने देश के बढ़ते कदम देख कर आपको बहुत ही प्रसन्नता हो रही है। इस वर्ष के ओलम्पिक की उपलब्धियों को बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकतम विद्यार्थियों ने इस विषय को चुना परंतु पत्र का प्रारूप लिखते समय भ्रमित हो गए। प्रारूप में वर्तनी संबंधी त्रुटियों का बाहुल्य पाया गया। प्रारूप बाईं और लिखना है, इससे कई छात्र अनभिज्ञ थे। पत्र में औपचारिक शब्दों जैसे– सविनय, निवेदन, कृतार्थ आदि का अभाव पाया गया। अधिकांश छात्रों ने 'भवदिय' की जगह 'आपका भवदीय' लिखा। पता व दिनांक लिखते समय कुछ छात्रों ने अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग किया। छात्रों को विषय के प्रतिपादन में भी कठिनाई हुई। 'एक और सुविधायुक्त अस्पताल खुलवाने की बात पर छात्रों ने बिल्कुल गौर नहीं किया। वर्तनी तथा भाषा संबंधी त्रुटियाँ पाई गईं। मुख्य बिंदुओं का अभाव खटका।

(ii) कई छात्रों ने अनौपचारिक पत्र लिखने का विकल्प चुना। विषय का प्रतिपादन करने में उन्हें कठिनाई हुई। इसका कारण सामान्य ज्ञान का अभाव था। वे ओलम्पिक की उपलब्धियाँ बताने में अक्षम रहे। कुछ विद्यार्थियों ने ओलम्पिक को क्रिकेट के साथ जोड़ दिया। पत्र के प्रारूप में भी त्रुटियाँ पाई गईं। अधिकांश छात्रों ने अभिवादन नहीं लिखा। कई छात्रों ने अपना पता बाईं ओर लिखा। पत्र के कलेवर में शब्द–विचार तथा वाक्य–विन्यास सबंधी अशुद्धियाँ पाई गईं।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– पत्र–प्रारूप पर विशेष बल दें। औपचारिक पत्रों का नियमित अभ्यास करवाएँ। विद्यार्थियों को स्पष्ट रूप से बताएँ कि पत्र में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग वर्जित है। पत्र के हर बिंदु पर ध्यान देने का अभ्यास करवाएँ। औपचारिक शब्दों के प्रयोग पर बल दें। शब्द–ज्ञान बढ़ाने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। शब्द–विन्यास तथा वाक्य–विन्यास की शुद्धि पर ध्यान केंद्रित करने हेतु छात्रों को प्रेरित करें। वर्तनी की शुद्धता पर बल दें। बाईं और पत्र का प्रारूप लिखने का अभ्यास करवाएँ। पत्र के प्रारम्भ व समापन संबंधी बिंदुओं की ओर भी ध्यान दिलाएँ।

– पत्र–लेखन का नियमित अभ्यास करवाएँ। पत्र का प्रारूप बाईं ओर लिखने पर बल दें। वर्तनी सबंधी त्रुटियों को दूर करने के लिए सुधार–कार्य करवाएँ। पत्र के प्रारूप में संबोधन के पश्चात् अभिवादन लिखने के लिए प्रेरित करें। बच्चों को सामान्यज्ञान से संबंधित विषयों पर अभ्यास–कार्य करवाएँ। समाचार–पत्र पढ़ने पर बल दें। कक्षा में सामयिक घटनाओं की चर्चा करें। भाषा, वर्तनी तथा व्याकरण संबंधी त्रुटियों में सुधार करवाएँ। कक्षा में श्रुतलेख भी लिखवाएँ। पत्र के प्रारंभ व समापन से संबंधित मुख्य बिंदुओं की ओर छात्रों का ध्यान दिलाएँ। पत्र के विषय को ध्यानपूर्वक पढ़ने की ओर बल दें।

## MARKING SCHEME

### Question 2

पत्र लेखन : प्रारूप–पत्र, प्राप्तकर्ता का पद, गरिमा आदि के अनुसार उचित सम्बोधन तथा अभिवादन, दिनांक एवं मूल विषय ।

# Question 3

Read the passage given below and answer in Hindi the questions that follow, using your own words as far as possible :—

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

पंजाब में उस वर्ष भयंकर अकाल पड़ा था। उन दिनों वहाँ महाराणा रणजीत सिंह का राज था। उन्होंने यह घोषणा करवा दी, ''महाराज के आदेश से शाही भण्डार–गृह हर ज़रूरतमंद के लिए खुला है। प्रत्येक ज़रूरतमंद एक बार में जितना उठा सके, ले जाए।''यह घोषणा सुनते ही गाँवों व शहरों से ज़रूरतमंदों की भीड़ राजमहल में उमड़ पड़ी।

उन दिनों लाहौर में एक सद्गृहस्थ बूढ़े सज्जन रहते थे। वे कट्टर सनातनी विचारों के थे। उन्होंने जीवन में कभी भी किसी के आगे अपना हाथ नहीं फैलाया था। अँधेरा होने पर वह शाही भण्डार के दरवाज़े पर पहुँचे। द्वार खुला था किसी तरह की कोई जाँच–पड़ताल नहीं हुई। उन्होंने बड़े संकोच से अपनी चादर को फैलाया, उसके कोने में थोड़ा सा अनाज बाँध लिया। ज्यादा अनाज उठाना उनके लिए मुश्किल था। इतने में पगड़ी बाँधे एक व्यक्ति वहाँआया।उसने कहा, 'भ्राताजी आपने तो काफी कम अनाज लिया है।'' बूढ़े सज्जन ने कहा, ''असल में मैं बूढ़ा लाचार हूँ। इस अकाल में तो थोड़ा अनाज लेना ही सही है,जिससे सब ज़रूरत मंदों को मिल जाए।''

उस व्यक्ति ने बूढ़े की गठरी खोल दी। उसमें भरपूर अनाज भर दिया। बूढ़े सज्जन ने कहा, ''मैं इतना अनाज नहीं उठा सकता और न ही इसकी मज़दूरी का पैसा दे सकता हूँ।'' इतने में उस अजनबी ने बूढ़े की गठरी अपने कन्धों पर ले ली और बूढ़े के पीछे–पीछे चल पड़ा। जब वे बूढ़े के घर के द्वार पर पहुँचे तो वहाँ दो बच्चे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे।उन्हें देखते ही वे बोले — ''बाबा, कहाँ चले गए थे ?'' बूढ़ा खामोश रहा। अजनबी ने कहा, ''घर में कोई बड़ा लड़का नहीं है ?'' बूढ़ा बोला, ''लड़का था लेकिन काबुल की लड़ाई में शहीद हो गया। अब बहू है तथा मेरे ये पोते हैं।'' वह अजनबी बोला, ''भाई जी धन्य हैं आप, जिनका बेटा देश के लिए शहीद हो गया।''

रोशनी में बूढ़े ने उस अजनबी को पहचान लिया। वे खुद महाराज रणजीत सिंहथे।बूढ़े ने पोतों से कहा, ''इनकेसामने दंडवत प्रणाम करो।'' और स्वयं भी प्रणाम करने लगे और थोड़ी देर बाद बोले, ''आज मुझसे बड़ा पाप हो गया। आपसे बोझा उठवाया।'' ''नहीं, यह पाप नहीं, मेरा सौभाग्य था कि मैं शहीद के परिवार की सेवा कर सका। आप सबकी सेवा करना मेरा फ़र्ज है। अब आप जीवन भर हमारे साथ रहिए और हमे कृतार्थ कीजिए।''

| | | |
|---|---|---|
| (i) | राज्य को किस विपत्ति का सामना करना पड़ा था ? उन दिनों वहाँ के राजा कौन थे और उन्होंने उस समस्या का क्या समाधान निकाला ? | [2] |
| (ii) | राजा ने राज्य में क्या घोषणा करवाई और क्यों ? | [2] |
| (iii) | बूढ़े आदमी के बारे में आप क्या जानते हैं ? उनका पूर्ण परिचय दीजिए। | [2] |
| (iv) | बूढ़े आदमी ने थोड़ा सा अनाज ही क्यों लिया था ? कारण स्पष्ट करते हुए बताइए कि उस अजनबी व्यक्ति ने उस बूढ़े की कैसे सहायता की? | [2] |
| (v) | इस गद्यांश से मिलने वाली शिक्षाओं पर प्रकाश डालिए। | [2] |

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश विद्यार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर संतोषजनक लिखा पर कहीं–कहीं वर्तनी की अशुद्धियाँ दृष्टिगोचर हुईं। कुछ विद्यार्थी प्रश्न का उत्तर अपने शब्दो में नहीं लिख पाए। उन्होंने गद्यांश की भाषा का ही प्रयोग किया।

(ii) प्रश्न के प्रथम भाग का उत्तर छात्रों ने सटीक लिखा परन्तु 'क्यों' का उत्तर लिखने में कुछ छात्र असफल रहे।

(iii) अधिकांश विद्यार्थियों ने स्पष्ट रूप से उत्तर लिखा। कुछ छात्र बूढ़े का परिचय ठीक से नहीं दे पाए। वर्तनी की अशुद्धियाँ भी पाई गईं।

(iv) प्रश्न के प्रथम भाग का उत्तर छात्रों ने सटीक दिया। लेकिन दूसरे भाग का उत्तर देने में कुछ छात्र अक्षम रहे। प्रश्न पढने में लापरवाही की गई, ऐसा प्रतीत हुआ।

(v) अधिकांश विद्यार्थी गद्यांश से मिलने वाली केवल एक ही शिक्षा का उल्लेख कर पाए। भाषा, वर्तनी तथा व्याकरण संबंधी अशुद्धियाँ पाई गईं।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- छात्रों को उत्तर अपने शब्दों में लिखने के लिए प्रोत्साहित करें।
- छात्रों को समझाया जाए कि प्रश्न के तीन भागों या दो भागों के उत्तर अलग–अलग अनुच्छेद में लिखें।
- छात्रों को गद्यांश दो या तीन बार पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। प्रश्नों के उत्तर
- विचारपूर्वक लिखने को कहें। अधिक से अधिक बिन्दुओं के समावेश पर बल दें।
- छात्रों को अधिक से अधिक बिन्दुओं का समावेश करने के लिए कहें। भाव–ग्रहण के लिए दो तीन बार अनुच्छेद पढ़ना आवश्यक है। शुद्ध लेखन पर बल दें। कक्षा में श्रुतभाव–ग्रहण का भी अभ्यास करवाएँ।
- छात्रों को विस्तार से उत्तर लिखने के लिए प्रेरित करें। उन्हे समझाएँ कि अनुच्छेद व प्रश्न बार–बार पढ़ें तत्पश्चात् उत्तर लिखें। कक्षा में अपठित गद्यांश का नियमित अभ्यास करवाएँ।
- शिक्षा संबंधी प्रश्नों का अभ्यास मौखिक व लिखित तौर पर अवश्य करवाएँ। भाषा में सुधार पर बल दें।

## MARKING SCHEME

## Question 3

अपठित गद्यांश

**(i)** पंजाब में उस वर्ष भयंकर अकाल पड़ा था। किसानों के खेत सूख गए थे और फसलें नष्ट हो गई थीं। राज्य में अनाज की कमी हो गई थी और लोग भूखे मर रहे थे।

उन दिनों वहाँ के राजा रणजीत सिंह थे। उनसे प्रजा की तकलीफ देखी नहीं गई। उन्होंने ज़रूरतमंदों को अनाज देने के लिए अपने शाही भण्डार–गृह के दरवाज़े खोल दिए।

**(ii)** राजा रणजीत सिंह ने यह घोषणा करवाई कि शाही भण्डार–गृह हर ज़रूरतमंद के लिए खुला है। प्रत्येक ज़रूरतमंद एक बार में जितना अनाज उठा सके, ले जाए। उनकी इस घोषणा से पीड़ितों को राहत मिली। गाँवों व शहरों से ज़रूरतमंदों की भीड़ राजमहल में उमड़ पड़ी।

राजा रणजीत सिंह एक प्रजावत्सल राजा थे। उनके हृदय में पीड़ितों के प्रति दया–भावना थी। वे हर ज़रूरतमंद की सहायता करना अपना कर्तव्य मानते थे इसीलिए अकाल पड़ने पर उन्होंने अनाज देने की घोषणा की थी।

**(iii)** बूढ़े व्यक्ति लाहौर में रहते थे। वे एक भले गृहस्थ थे। वे कट्टर सनातनी विचारों के थे। उन्होंने बड़ी से बड़ी मुसीबत में भी किसी के आगे कभी हाथ नहीं फैलाया था। उनका जवान बेटा काबुल की लड़ाई में शहीद हो गया था। बहू और दो पोतों की ज़िम्मेदारी उनके ऊपर आ गई थी। उनमें ज़रा भी लोभ नहीं था। वे अपने कर्तव्य के प्रति सजग थे।

**(iv)** बूढे सज्जन शरीर से लाचार व कमज़ोर थे। वे अधिक अनाज लेकर चल नहीं सकते थे। इसके अतिरिक्त उनका मानना था कि अकाल जैसी संकट की स्थिति में अनाज कम लेना ही ठीक है जिससे सब ज़रूरतमंदों को अनाज मिल सके। उनमें ज़रा भी लोभ व स्वार्थ नहीं था। वे दूसरों की भलाई के बारे में सोचते थे।

बूढ़े व्यक्ति ने अकाल की स्थिति में राजा के भण्डार–गृह से बहुत थोड़ा–सा अनाज लिया और अपनी पोटली में बाँध लिया। एक अजनबी व्यक्ति ने जब बूढ़े को बहुत थोड़ा–सा अनाज ले जाते हुए देखा तो उसे उन पर दया आ गई। उसने आकर बूढ़े की पोटली खोल दी और उसमें भरपूर अनाज भर दिया फिर उसे अपने कंधों पर लादकर उनके घर ले आया। वास्तव में वह अजनबी व्यक्ति स्वयं महाराज रणजीत सिंह थे जो उस बूढ़े दरिद्र की सहायता करने आये थे। उनमें ज़रा भी घमंड नहीं था। दीन–दुखियों की सहायता करके उन्हें सच्ची शान्ति मिलती थी। जब राजा को यह पता चला कि बूढ़े सज्जन एक शहीद के पिता हैं तो उन्होंने उनके परिवार की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ले ली और उन्हें सम्मान सहित अपने राजमहल में ले आए। वास्तव में वे एक प्रजावत्सल राजा थे।

**(v)** यह एक शिक्षाप्रद कहानी है जिसमें राजा रणजीत सिंह की प्रजावत्सलता को दिखाया गया है। वे बहुत दयालु थे और दीन–दुखियों की खूब सेवा करते थे। वे बूढ़ों को बहुत आदर देते थे। वे देशभक्तों व शहीदों का सम्मान करते थे और उनके परिवार के पालन–पोषण की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर लेकर अपने कर्तव्य का पालन करते थे। इस कहानी में यह भी दिखाया गया है कि इंसान को इतना लोभी व स्वार्थी नहीं होना चाहिए। उसे दूसरों की भलाई के बारे में भी सोचना चाहिए।

# Question 4

Answer the following according to the instructions given :—
निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :–

(i) निम्नलिखित शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :— [1]
आनंद, पुत्र, राक्षस।

(ii) निम्नलिखित शब्दों में से दो शब्दों के विलोम लिखिए :— [1]
आलस्य, सदाचार, सामिष, कृत्रिम।

(iii) निम्नलिखित शब्दों मे से किन्हीं दो शब्दों को शुद्ध कीजिये :— [1]
प्रतीष्ठा, गृन्थ, परीस्थती।

(iv) निम्नलिखित में से किसी एक मुहावरे की सहायता से वाक्य बनाइये :— [1]
अपना उल्लू सीधा करना, हाथ मलना।

(v) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिये :—

(a) विद्यार्थी को जानने की इच्छा रखने वाला होना चाहिए। [1]
(रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिये।)

(b) इतनी आयु होने पर भी वह विवाहित नहीं है। [1]
('नहीं' हटाइए परन्तु वाक्य का अर्थ न बदले।)

(c) रात में सर्दी बढ़ जाएगी। [1]
(अपूर्ण वर्तमान काल में बदलिए)

(d) अन्याय का सब विरोध करते हैं। [1]
(रेखांकित का विशेषण लिखते हुए वाक्य पुनः लिखिए)

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) पर्यायवाची शब्द छात्रों को आसान लगे परन्तु वर्तनी की त्रुटियाँ पाई गईं। कुछ छात्रों ने आनंद के लिए मजा, पुत्र के लिए कुलदीप, सुपुत्र, बालक, चिराग तथा राक्षस के लिए रावण लिखा। ये सभी गलत उत्तर थे।

(ii) विलोम शब्द भी अधिकांश छात्र जानते थे। सामिष तथा कृत्रिम शब्द के विलोम कुछ छात्र. नहीं जानते थे। अतः उन्होंने असामिष तथा प्रकृति लिख दिए जो कि गलत थे।

(iii) मात्राओं का ज्ञान न होने के कारण अधिकांश छात्र दिए गए शब्दों को शुद्ध करने में पूर्णतया सफल न हो सके।

(iv) अधिकांश विद्यार्थी वाक्य संरचना में असफल रहे। व्याकरण तथा वर्तनी संबंधी दोष पाए गए। कुछ छात्रों ने ऐसे वाक्य बनाए थे, जिनमें मुहावरे का अर्थ स्पष्ट नहीं हो सका।

(v)(a) अधिकांश विद्यार्थी 'जिज्ञासु' शब्द जानते थे, परन्तु उन्होंने वर्तनी की अशुद्धता की। कुछ ने इच्छुक भी लिखा।

(b) इस वाक्य में कुछ छात्रों ने अविवाहित लिखने की अपेक्षा कुवारा तथा कुंआरा लिख दिया।

(c) अधिकांश छात्र अपूर्ण वर्तमानकाल से परिचित थे। उन्होंने वाक्य परिवर्तन में त्रुटियाँ कीं।

(d) अधिकांश छात्र विरोध का विशेषण विरोधी जानते थे। परन्तु वाक्य संरचना में त्रुटि कर बैठे।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- कक्षा में पर्यायवाची शब्दों का मौखिक व लिखित अभ्यास करवाया जाये। वर्तनी पर भी बल दीजिए। 'खेल–खेल में' उचित शब्दों का ज्ञान करवाया जाये।
- कक्षा में विलोम शब्दों का मौखिक व लिखित अभ्यास करवाना चाहिए। शुद्ध लेखन पर बल दीजिए। वर्तनी की त्रुटियाँ मान्य नहीं होती।
- कक्षा में शुद्ध लेखन का अभ्यास करवाया जाए। श्रुतलेख भी लिखवाया जाए। सही शब्द उच्चारण पर बल दिया जाए।
- कक्षा में मुहावरों का नियमित अभ्यास करवायें। मुहावरों के अर्थ याद करवाएँ फिर शुद्ध वाक्य लिखने पर बल दें। छात्रों को बताएँ कि वाक्य बनाते समय लिंग, वचन तथा काल का ध्यान रखें।
- कक्षा में वाक्य परिवर्तन का नियमित अभ्यास करवाएँ। शुद्ध–लेखन पर बल दें।
- छात्रों को वाक्य परिवर्तन के नियमों की जानकारी दें। उन्हें समझाएं कि नहीं हटाते समय विलोम शब्द का प्रयोग करते हैं।
- काल के भेद विस्तार से समझाएं तथा उसका अभ्यास करवाएं।कक्षा में व्यावहारिक व्याकरण का नियमित अभ्यास करवाएं। शुद्ध वाक्य रचना पर बल दें।

## MARKING SCHEME

### Question 4

**(i)** पर्यायवाची :

आनंद - हर्ष, उल्लास, प्रसन्नता

पुत्र - तनय, नंदन, सुत, बेटा, तनुज

राक्षस - असुर, दानव, दनुज, निशाचर, दैत्य

**(ii)** विलोम :

आलस्य × स्फूर्ति

सदाचार × दुराचार

सामिष × निरामिष

कृत्रिम　　　प्राकृत,स्वाभाविक

**(iii)** विशेषण :

लोक - लौकिक

पर्वत - पर्वतीय

विरोध - विरोधी,विरूद्ध

**(iv)** शुद्ध रूप :

प्रतीष्ठा - प्रतिष्ठा

गृन्थ - ग्रन्थ

परीस्थती - परिस्थिति

**(v)** मुहावरों से वाक्य :

अपना उल्लू सीधा करना - स्वार्थ सिद्ध करना

चुनाव में जीतने के बाद अधिकांश नेता **अपना उल्लू सीधा करने** में लग जाते हैं।

हाथ मलना - पछताना

यदि हम जीवन में समय का पालन नहीं करते तो **हाथ मलते** रह जाते हैं।

**(vi)** निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन (उत्तर) :

**(a)** विद्यार्थी को **जिज्ञासु** होना चाहिए।

**(b)** इतनी आयु होने पर भी वह **अविवाहित** है।

**(c)** रात में सर्दी बढ़ **रही है।**

**(d)** अन्याय के सभी **विरोधी** होते हैं।

# SECTION B (40 Marks)

*Attempt **four** questions from this Section.*

## साहित्य सागर—संक्षिप्त कहानियाँ

**(Sahitya Sagar — Short Stories)**

# Question 5

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

"उसने कोई बहाना न बनाया। चाहता तो कह सकता कि यह साजिश है। मैं नौकरी नहीं करना चाहता इसीलिए हलवाई से मिलकर मुझे फँसा रहे हैं, पर एक और अपराध करने का साहस वह न जुटा पाया। उसकी आँखें खुल गई थीं।"

[बात अठन्नी की — सुदर्शन]

[**Baat Athanni Ki — Sudarshan**]

(i) किसे कौन फँसा रहा था ? उसने क्या अपराध किया था ? [2]

(ii) रसीला कौन है ? उसका परिचय दीजिये। [2]

(iii) हमें अपने नौकरों से कैसा व्यवहार करना चाहिए ? कहानी के आधार पर उदाहरण देकर समझाइए। [3]

(iv) इस कहानी में लेखक ने समाज की कौनसी बुराई को प्रकट करने का प्रयास किया है ? क्या वे अपने प्रयास में सफल हुए ? समझाकर लिखिये। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश विद्यार्थियों को यह प्रश्न आसान लगा और उन्होंने इसका चयन भी किया। अधिकांश छात्रों के उत्तर संतोषजनक थे, परन्तु कुछ छात्रों ने किसे और कौन फँसा रहा था के उत्तर में उल्टा लिख दिया। जगत बाबू को रसीला फंसा रहा था। कुछ छात्रों ने रसीला के लिए रसला लिखा।

(ii) कुछ विद्यार्थियों को छोड़कर लगभग अधिकतर ने रसीला का परिचय अपेक्षाकृत सही लिखा। कुछ छात्रों ने रसीला के स्थान पर रमजान का परिचय लिखकर लापरवाही दिखाई।

(iii) इस प्रश्न का उत्तर अधिकांश विद्यार्थियों ने संतोषजनक लिखा। कुछ छात्र प्रश्न के प्रथम भाग में अपेक्षाकृत मुख्य बिन्दु कम लिख पाए। कुछ ने द्वितीय भाग में मुख्य उदाहरण न देकर पूरी कहानी लिख दी। कुछ ने नौकरों के प्रति नकारात्मक व्यवहार पर बल दिया।

(iv) प्रश्न के प्रथम भाग का उत्तर छात्रों ने सटीक लिखा। द्वितीय भाग में छात्र भ्रमित दिखाई दिए। कुछ छात्र प्रश्न समझ नहीं पाए। अतः उन्होंने लिख दिया कि लेखक असफल रहे।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- छात्रों को समझाएँ कि प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़ें। वर्तनी में सुधार करें । पाठ बार–बार पढ़ने पर बल दें। कक्षा में अवतरण के आधार पर प्रश्नों का लिखित अभ्यास करवाएँ।
- पाठ को बार–बार पढ़ने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करें। चरित्र की विशेषताएँ पाठ का उद्देश्य, शीर्षक की सार्थकता आदि मुख्य प्रश्नों का कक्षा में अभ्यास करवाया जाए।
- विचारात्मक प्रश्नों का कक्षा में अभ्यास करवाया जाए। छात्रों को मुख्य बातों पर गौर करने के लिए प्रेरित करें उत्तर में महत्वपूर्ण और उचित बातें लिखने पर बल दें। अनावश्यक विस्तार पर रोक लगाए।
- कक्षा में प्रश्नोत्तर का नियमित अभ्यास करवाया जाए। अध्यापक को पाठ के मूल भाव से छात्रों को भली–भांति परिचित करवाना चाहिए।

## MARKING SCHEME

## Question 5

**(i)** बाबू जगत सिंह जो इंजीनियर हैं उन्होंने अपने यहाँ नौकरी कर रहे रसीला नामक व्यक्ति को फँसाया था। रसीला ने अपने मित्र रमजान से लिए कर्ज़ को चुकाने के लिए इंजीनियर साहब के हिसाब में से अठन्नी की चोरी की थी।

**(ii)** रसीला एक स्वामिभक्त, ईमानदार व परिश्रमी व्यक्ति है। कम वेतन पाने पर भी वह अपने मालिक बाबू जगत सिंह का काम पूरी ईमानदारी से करता है। वह अपने परिवार के प्रति अपने उत्तरदायित्व को भी समझता है। अपना सारा वेतन अपने परिवार को भेज देता है। मित्र की सहायता पाने पर वह अपने मित्र के प्रति कृतज्ञ है। वह परिस्थितियों के वश में होकर अठन्नी की बेईमानी कर बैठता है। पकड़े जाने पर वह अपनी गलती स्वीकार कर क्षमा माँग लेता है। संक्षेप में, वह एक सीधा–सादा, ईश्वर से डरने वाला व्यक्ति है।

**(iii)** हमें अपने नौकरों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। उनकी परेशानियों को समझना चाहिए और उनकी वक्त पर सहायता करनी चाहिए जिससे वे पथ भ्रष्ट न हों। गलती हो जाने पर उन्हें समझा

कर माफ कर देना चाहिए। नौकरों के प्रति सहानुभूति रखनी चाहिए। जिस प्रकार से इंजीनियर बाबू ने रसीला की मदद भी नहीं की, फिर उसको क्षमा करने के स्थान पर जेल भेज दिया, ऐसा तो बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए।

**(iv)** कहानी में समाज में व्याप्त बेईमानी, रिश्वतखोरी एवं भ्रष्टाचार जैसी बुराई को प्रकट किया गया है। रसीला को पैसों की जब आवश्यकता होती है और वह अपने मालिक जगत सिंह से माँगता है तो वह साफ इंकार कर देते हैं। उस वक्त रसीला का मित्र रमजान उसकी मदद करता है। अपना कर्ज चुकाने के लिए जब वह अपने मालिक के यहाँ अठन्नी की चोरी करता है तो उसके मालिक जगत सिंह उसे पुलिस थाने में ले जाते हैं एवं सिपाही को पाँच रुपए देकर उसकी पिटाई भी करवाते हैं। लेखक ने यह बताकर समाज में फैली रिश्वत की प्रवृत्ति को उजागर किया है। धनी लोग रिश्वत में नोटों की गड्डियाँ लेने से केवल चूकते ही नहीं अपितु उन्हें यह भी ख्याल नहीं आता कि वे गलत काम कर रहे हैं। गरीब के द्वारा अठन्नी छिपाकर झूठ बोलने को अपराध समझते हैं। इस तरह रिश्वत की प्रवृत्ति व गरीबों के प्रति अत्याचार को उजागर करने में लेखक पूरी तरह सफल हुए हैं।

# Question 6

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

''नेताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ–कुछ मासूम और कमसिन। फ़ौजी वर्दी में। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो.......' वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि में यह सफल और सराहनीय प्रयास था। केवल एक चीज़ की कसर थी जो देखते ही खटकती थी।''

[नेता जी का चश्मा — स्वयं प्रकाश]

[**Netaji Ka Chasma — Swayam Prakash**]

| | | |
|---|---|---|
| (i) | मूर्ति किसकी थी और वह कहाँ लगाई गई थी ? | [2] |
| (ii) | यह मूर्ति किसने बनाई थी और इसकी क्या विशेषताएँ थी ? | [2] |
| (iii) | मूर्ति में क्या कमी थी ? उस कमी को कौन पूरा करता था और कैसे ? | [3] |
| (iv) | नेताजी का परिचय देते हुए बताइए कि चौराहे पर उनकी मूर्ति लगाने का क्या उद्देश्य रहा होगा ? क्या उस उद्देश्य मे सफलता प्राप्त हुई ? स्पष्ट कीजिए। | [3] |

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश छात्रों ने इस प्रश्न का चयन किया था और उत्तर भी संतोषजनक प्राप्त हुए। कुछ छात्रों ने नेता जी के नाम की वर्तनी अशुद्ध लिखी। प्रश्न के 'कहाँ लगाई गई' के उत्तर में गाँव या बाजार लिख दिया। पूर्णतया सटीक उत्तर बहुत कम छात्रों ने लिखा।

(ii) प्रश्न के प्रथम भाग में विद्यार्थी सही नाम लिख पाये । अधिकांश छात्रों ने 'मास्टरजी' लिख दिया । उनके नाम के साथ संक्षिप्त परिचय भी अपेक्षित था । प्रश्न के दूसरे भाग मे मूर्ति की विशेषतायें लिखने में भी छात्र पूर्णतया सफल नहीं हुए ।

(iii) प्रश्न के प्रथम व द्वितीयभाग का उत्तर अधिकांश छात्रों ने लिखा। कुछ छात्रों ने 'कैप्टन चश्मेवाला' के स्थान पर 'लंगड़ा व्यक्ति' लिख दिया। प्रश्न के तृतीय भाग 'कैसे' का उत्तर लिखने में कई छात्र असफल रहे।

(iv) अधिकांश छात्रों ने नेताजी का परिचय सटीक दिया। वे मूर्ति लगाने का उद्देश्य लिखने में भी सफल हुए परंतु प्रश्न के अंतिम भाग 'उद्देश्य में सफलता प्राप्ति' के बारे में नहीं लिख पाए। बहुत ही कम छात्रों ने 'सरकंडे से बने चश्मे का जिक्र किया जो कि अपेक्षित था।

### ***अध्यापकों के लिए सुझाव***

– छात्रों को पाठ बार–बार पढ़ने के लिए प्रेरित करें। शुद्ध लेखन पर बल दें। मुख्य पात्रों के परिचय, घटनाएँ, समय तथा मुख्य बिन्दुओं पर कक्षा में चर्चा करें। उत्तर पूर्ण व स्पष्ट होने चाहिएं। नाम की वर्तनी शुद्ध होनी चाहिए।

– पाठ से संबंधित मुख्य बातें याद करवाएँ । कक्षा में प्रश्नोत्तर का अभ्यास करवाएँ। छात्रों को प्रश्न–पत्र ध्यानपूर्वक पढ़ने का निर्देश दें।

– प्रश्न के हर भाग के लिए अंक निर्धारित होते है। इस तथ्य से छात्रों को अवगत कराएँ। प्रश्नोत्तर लिखने की सही विधि सिखाएँ। मुख्य बिंदुओं को याद करवाएँ तथा प्रश्नोत्तर का लिखित व मौखिक अभ्यास करवाएँ।

– मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करवाएँ ताकि छात्र अभ्यास के दौरान उन पर ध्यान केंद्रित कर सकें। विचारात्मक प्रश्नों का भी अभ्यास करवाएँ।

## MARKING SCHEME

### Question 6

**(i)** मूर्ति नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की थी जो एक महान स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी थे। भारत की आज़ादी में उनका विशेष योगदान था।

यह मूर्ति शहर के मुख्य बाज़ार के मुख्य चौराहे पर लगाई गई थी। इसे नगरपालिका के किसी प्रशासनिक अधिकारी ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर तथा नेताजी को मान - सम्मान दिलाने के लिए लगवाया था। वे चाहते थे कि आने वाली पीढ़ियाँ भी नेताजी के त्याग के बारे में जानें।

**(ii)** यह मूर्ति नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की थी जो संगमरमर से बनी थी। इसे कस्बे के हाईस्कूल के ड्राइंग मास्टर मोतीलाल जी ने बनाया था। वह दो फुट ऊँची प्रतिमा थी जो टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक थी, जिसे बस्ट कहते हैं। प्रतिमा बहुत सुन्दर और लाजवाब थी। नेताजी फ़ौजी वर्दी में जवान और मासूम दिखाई दे रहे थे। इसकी सुन्दरता तथा आकर्षण का यह भी कारण था कि इस मूर्ति पर नेता जी की पहचान उनका चश्मा वास्तविक लगा रहता था। इस प्रकार यह प्रतिमा उधर आने–जाने वाले लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गयी थी।

**(iii)** नेताजी के बीच चौराहे पर लगी यह प्रतिमा बहुत सुन्दर थी परन्तु उसमें एक कमी थी। नेताजी की आँखों पर चश्मा नहीं था। यह कमी उनको जानने वाले सभी लोगों की आँखों में खटकती थी। इस चश्मे की कमी को कैप्टन चश्मेवाला पूरी करता था। वह नेताजी की प्रतिमा को अपनी दुकान का असली चश्मा पहना देता था। उसके पास गिने–चुने कुछ फ्रेम थे। उन्हीं में से कभी गोल चश्मा, तो कभी चौकोर, कभी लाल, कभी काला, कभी धूप का चश्मा तो कभी बड़े काँचों वाला गोगो चश्मा होता।

इन्हीं में से वह चश्मा बदल–बदलकर नेताजी को पहना देता और उनके प्रति सच्चा प्रेम व श्रद्धा–भाव दिखाता था। इस प्रकार नेताजी की प्रतिमा संगमरमर की थी परन्तु उस पर चश्मा असली होता था।

**(iv)** नेताजी महान क्रांतिकारी सुभाषचन्द्र बोस थे जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपने जीवन का बलिदान दे दिया था। उनके दो प्रसिद्ध नारे थे - 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा' और 'दिल्ली चलो'। ये नारे आज भी जन–जन को याद हैं। इस प्रकार वे एक महान नेता थे जिनका देश की आज़ादी में एक बहुत बड़ा योगदान था।

नगरपालिका द्वारा कस्बे के बीच चौराहे पर नेताजी की मूर्ति लगवाना उनके प्रति श्रद्धा–भावना को दर्शाता है तथा आने वाली पीढ़ियों में देशभक्ति की भावना उत्पन्न करता है।

वास्तव में आने वाली पीढ़ी भी नेताजी के प्रति प्रेम व श्रद्धा–भावना रखती है। कैप्टन चश्मेवाले की मृत्यु के पश्चात् बच्चों ने सरकंडे का चश्मा बनाकर नेताजी की मूर्ति को पहना दिया था। इस प्रकार बच्चे भी देशभक्ति की भावना रखते हैं जो मूर्ति के उद्देश्य को सफल करती है।

# Question 7

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

''बड़े भोले हैं आप सरकार ! अरे मालिक, रूप–रंग बदल देने से तो सुना है आदमी तक बदल जाते हैं। फिर ये तो सियार है।''

[भेड़े और भेड़िए — हरिशंकर परसाई]

[**Bhede Aur Bhedeya — Hari Shankar Parsai**]

(i) उपर्युक्त कथन कौन, किससे क्यों कह रहा है ? [2]

(ii) बूढ़े सियार ने भेड़िये का रूप किस प्रकार बदला ? [2]

(iii) यह कैसी कहानी है, बूढ़े सियार ने किन तीन बातों का ख्याल रखने के लिए कहा ? क्यो कहा ? [3]

(iv) सियारों को किन–किन रंगों में रंगा गया ? वे किसके प्रतीक थे ? इस कहानी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकतर परीक्षार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर देते समय 'वक्ता' और 'श्रोता' तो सही स्पष्ट किए पर 'क्यों' का उत्तर स्पष्ट करने में असमर्थ रहे। कुछ ही छात्र इस प्रश्न का उत्तर संतोषजनक दे सके।

(ii) इस प्रश्न का उत्तर लिखने में लगभग सभी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। व्याकरण, वर्तनी व भाषा संबंधी त्रुटियाँ कहीं–कहीं पर दृष्टिगोचर हुईं।

(iii) प्रश्न के प्रथम भाग 'यह कैसी कहानी है' का उत्तर लिखने मे अधिकांश छात्र असमर्थ रहे। कुछ विद्यार्थियों ने स्पष्ट उत्तर भी दिए परन्तु अधिकतर ने किसके प्रतीक व क्या शिक्षा मिली? के उत्तर संतोषजनक नहीं लिखे। अनावश्यक विस्तार रहा परन्तु मुख्य बिन्दुओं का अभाव देखा गया।

(iv) हालाँकि इस प्रश्न के तीनों भाग सरल व स्पष्ट थे । कुछ विद्यार्थियों ने स्पष्ट उत्तर भी दिए परन्तु अधिकतर ने 'किसके प्रतीक' व 'क्या शिक्षा मिली?' के उत्तर संतोषजनक नहीं लिखे । अनावश्यक विस्तार रहा परन्तु मुख्य बिन्दुओं का अभाव देखा गया

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– कक्षा में निर्देश स्पष्ट रूप से दिया जाए कि विद्यार्थी प्रश्न के प्रत्येक भाग को ध्यानपूर्वक पढ़कर सटीक व मुख्य बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

– भाषा वाक्य–संरचना तथा व्याकरण संबंधी त्रुटियों को ध्यान में रखते हुए कक्षा में पुनः पुनः अभ्यास कराया जाना चाहिए।

– विद्यार्थियों को बार–बार याद दिलाया जाए कि वे प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रस्तुत भागों के उत्तर अलग–अलग अनुच्छेदों में दें। अध्यापक पाठ के भाव का गहराई से अध्ययन कराते हुए उससे मिलने वाली शिक्षाओं का कक्षा में वर्णन करें।

– विद्यार्थियों को बार बार याद दिलाया जाए कि वे प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रस्तुत भागों के उत्तर अलग–अलग अनुच्छेद में दें । अध्यापक पाठ के भाव का गहराई से अध्ययन कराते हुए उससे मिलने वाली शिक्षाओं का कक्षा में वर्णन करें ।

## MARKING SCHEME

## Question 7

**(i)** उपर्युक्त कथन बूढ़ा सियार भेड़िये से उस समय कहता है जब भेड़िया चुनाव प्रचार के बारे में सोच रहा था। भेड़िये को लग रहा था कि भेड़ें संख्या में ज्यादा हैं इसलिए चुनाव में वही जीतेंगी नई सरकार भेड़ों की बनेगी। अब उनका समय खराब आ गया है। उन्हें तो सूखी हड़िडयाँ भी चबाने को नहीं मिलेंगी। उस समय बूढ़ा सियार भेड़िये को सान्त्वना देता है कि रंगे हुए सियार आपका चुनाव प्रचार करेंगे और चुनाव में जीत भेड़िये की ही होगी।

**(ii)** बूढ़े सियार ने भेड़िये का रूप बदल दिया। मस्तक पर तिलक लगाया, गले में कंठी पहनाई और मुँह में घास के तिनके खोंस दिए। भेड़िये को पूरा संत बना दिया।

**(iii)** यह व्यंग्यात्मक तथा प्रतीकात्मक कहानी है। बूढ़े सियार ने भेड़िये से तीन बातों का ख्याल रखने को कहा । अपनी हिंसक आँखों को ऊपर मत उठाना, हमेशा ज़मीन की ओर देखना और कुछ बोलना मत, नहीं तो सारा भेद खुल जाएगा। भेड़ो की सभा में अनेक भेड़े आएँगी, सुंदर–सुंदर मुलायम–मुलायम, कहीं भेड़िया उन्हें खा न जाए।

**(iv)** सियारों को तीन रंगों में रंगा गया। पीले रंग का सियार बड़ा विद्वान और विचारक है। कवि भी है और लेखक भी। नीले रंग का सियार नेता और पत्रकार है। हरे रंग का सियार धर्म गुरु का प्रतीक है। इस कहानी से शिक्षा मिलती है कि भेड़िया रूपी शोषक वर्ग अपने स्वार्थ की पूर्ति के लिए मिथ्या प्रचार करता हैं एवं शोषकवर्ग के आश्रय में पलने वाला समाज का स्वार्थी वर्ग जिसका प्रतीक यहाँ सियार को बनाया गया है, उनके प्रचार में योगदान देता है परिणामस्वरूप भेड़िये रूपी भ्रष्ट नेता भेड़ रूपी जनता का शोषण करते हैं अतः एक अच्छी शासन व्यवस्था के लिए जनता को जागरूक होना पड़ेगा तभा सुख–समृद्धि और सुरक्षा का स्वर्णयुग आ पायेगा।

# साहित्य सागर — पद्य भाग
# (Sahitya Sagar — Poems)

## Question 8

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी मे लिखिए :—

''मेघ आए बड़े बन–ठन के, सँवर के
आगे–आगे नाचती–गाती बयार चली,
दरवाजे–खिड़कियाँ खुलने लगी गली–गली,
पाहुन ज्यों आये हों, गाँव में शहर के !
मेघ आए बड़े बन–ठन के, सँवर के !''

[मेघआए — सर्वेश्वर दयाल सक्सेना]
[**Megh Aaye — Sarveshwar Dayal Saxena**]

(i) मेघ कहाँ आए हुए हैं ? कवि को मेघ देखकर क्या प्रतीत हो रहा है ? [2]

(ii) 'बयार' शब्द से आप क्या समझते हैं ? कवि इसके बारे में क्या बताना चाहता है ? [2]

(iii) दरवाजे–खिड़कियाँ क्यों खुलने लगी हैं ? किसका स्वागत कहाँ पर किस प्रकार किया जाने लगा है ? कवि के भाव स्पष्ट कीजिये। [3]

(iv) कविता का केन्द्रीय भाव लिखिये। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) इस प्रश्न के प्रथम भाग में छात्र भ्रमित दिखाई दिए। 'मेघ कहाँ आए' का उत्तर किसी ने गाँव लिखा तो किसी ने 'शहर' बहुत कम विद्यार्थियों ने आसमान लिखा। प्रश्न के द्वितीय भाग का उत्तर भी पूर्णतया संतोषजनक नहीं प्राप्त हुआ।

(ii) बयार' शब्द का अर्थ लिखने मे कुछ छात्रों को कठिनाई हुई। प्रश्न के दूसरे भाग में भी मुख्य बिन्दु अपेक्षाकृत कम पाए गए।

(iii) इस प्रश्न के तीन भाग थे। कविता का भाव न समझ पाने के कारण छात्र भ्रमित दिखाई दिए। मुख्य बिन्दु पूर्णतया स्पष्ट नहीं किए जा सके।

(iv) यह प्रश्न आसान व साधारण था परन्तु इस प्रश्न का संतोषजनक उत्तर लिखने में छात्र पूर्णतया सफल नहीं हो पाए। मुख्य बिन्दु अपेक्षाकृत कम दिखाई दिए।

## *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- कविता का भावार्थ स्पष्ट भाषा में समझाएँ। एक–एक पंक्ति का अर्थ भाव सहित लिखवा दें। शिक्षण कार्य में रोचकता लाएं। जिससे विद्यार्थी कविता के भाव को आत्मसात् कर सकें। प्रश्नोत्तर का नियमित अभ्यास करवाएँ।
- शब्दार्थ याद करवाकर लिखवा लें। छात्रों को शब्दों के अर्थ पूर्णतया स्पष्ट होने चाहिएं। प्रश्नों के माध्यम से भी शब्दों के अर्थ पूछें। छात्रों को मौखिक व लिखित अभ्यास करवाएँ।
- कविता का अर्थ तथा भावार्थ सरल व स्पष्ट भाषा में समझाया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थी प्रश्नो के उत्तर देते समय भ्रमित न हों । कविता पढ़ाते समय मेघों के आने के महत्व का वर्णन करें। प्रकृति चित्रण में मानवीकरण अलंकार की भी चर्चा करें।
- कविता से संबंधित भिन्न–भिन्न प्रकार के विश्लेषणात्मक प्रश्नें के अभ्यास के द्वारा भावाभिव्यक्ति को पुष्ट किया जाना चाहिए। कविता के केन्द्रीयभाव की कक्षा में मौखिक व लिखित रूप से खूब चर्चा करनी चाहिए। प्रश्नोत्तर के द्वारा छात्रों की विचाराभिव्यक्ति की क्षमता का विकास किया जाना चाहिए।

## MARKING SCHEME

## Question 8

**(i)** अत्यधिक गर्मी के पश्चात् मेघ आसमान में घिर आए हैं। बादलों को देखकर कवि को ऐसा प्रतीत होता है जैसे शहर से कोई मेहमान (किसी का दामाद) आया हो, जो बन–सँवर कर नए धुले और चमकीले कपड़े पहनकर बना–ठना चला आ रहा हो।

**(ii)** 'बयार' हवा को कहा गया है। बादलों से पहले उनके आने की सूचना देने पुरवाई (पूरब से आनेवाली शीतल हवा) चल पड़ती है जो मानो नाचती गाती आती है। उस नाच गाने को देखने के लिए गलियों में खिड़की दरवाजे खुल जाते हैं। गर्मी के बाद शीतल वायु का आनंद लेने के लिए वे उन्हें खोल देते हैं एवं मेघ रूपी दामाद को देखना चाहते हैं।

**(iii)** गर्मी से बेहाल लोग लू से बचने के लिए अपने खिड़की दरवाजे बंद रखते थे अब शीतल वायु का आनंद लेने के लिए वे उन्हें खोल देते हैं। साथ ही मेघरूपी दामाद को देखना चाहते हैं। बादल रूपी मेहमान के आगे नाचने गाने का कार्य हवा कर रही है। जिसको देखकर पेड़ पौधे झूमने लगते हैं। बादल छा गए हैं जिससे सारी प्रकृति प्रसन्न हो जाती है।

**(iv)** इस कविता में सांगरूपक अलंकार के माध्यम से ग्रामीण संस्कृति में दामाद के आने पर जो उल्लास का वातावरण बनता है उसी उल्लास को मेघ रूपी शहरी मेहमान के आने पर दिखाया गया है। एक साल के बाद आए इस मेहमान को देखकर एक ओर स्वागत सत्कार तथा उल्लास का भाव है वही दूसरी तरफ लम्बे समय के बाद आने के कारण शिकायतें भी हैं। इस तरह कविता में कवि ने बादलों के आगमन की तुलना सज धज कर आने वाले शहरी मेहमान से की है।

# Question 9

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

''गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पायँ।''
बलिहारी गुरु आपनो जिन गोविंद दियौ बताय।।
जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाहि।
प्रेम गली अति साँकरी, तामे दो न समाहि।।

[साखी — कबीर दास]

**[Sakhi — Kabir Das]**

(i) कवि किसके बारे में क्या सोच रहे हैं ? [2]

(ii) कवि किसके ऊपर न्योछावर (समर्पण) हो जाना चाहते हैं तथा क्यों ? [2]

(iii) ईश्वर का वास कहाँ नहीं होता है ? कवि हमें क्या त्यागने की प्रेरणा दे रहें हैं ? कवि का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताइए। [3]

(iv) 'साँकरी' शब्द का क्या अर्थ है ? प्रेम गली से कवि का क्या तात्पर्य है ? उसमें कौन दो एक साथ नहीं रह सकते हैं समझाइए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) यह प्रश्न छात्रों को बहुत आसान लगा और अधिकांश छात्रों ने इसका चयन किया। संतोषजनक उत्तर भी प्राप्त हुए।

(ii) इस प्रश्न के दोनों ही भाग पूर्णतया स्पष्ट थे। अतः विद्यार्थियों ने समुचित एवं स्पष्ट उत्तर दिए। कुछ छात्रों ने गुरू के स्थान पर भगवान लिख दिया।

(iii) अधिकांश छात्र प्रश्न के प्रथम व द्वितीय भाग का उत्तर देने में सक्षम रहे परन्तु कबीर दास जी का परिचय देने में असफल रहे। उन्होंने कवि के बारे में पढ़ा नहीं था अतः मनगढ़ंत परिचय लिख दिया।

(iv) 'साँकरी' शब्द का अर्थ लिखने में छात्रों को कठिनाई हुई। वर्तनी में अशुद्धता दृष्टिगोचर हुई। 'प्रेमगली से तात्पर्य'–प्रश्न के इस भाग का उत्तर अधिकांश छात्र नहीं दे पाए। प्रश्न के तीसरे भाग का अधिकांश छात्रों ने सटीक उत्तर दिया।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– प्रत्येक दोहे का अर्थ स्पष्ट रूप से समझाने पर बल दिया जाए। शब्दार्थ एवं प्रश्नोत्तर का मौखिक व लिखित अभ्यास प्रचुर मात्रा में करवाया जाए।

– दोहे स्पष्ट रूप से समझाने के साथ–साथ लिखाने पर भी बल दें। भावार्थ का बार–बार अभ्यास करवाया जाए। प्रश्नों का लिखित अभ्यास अनिवार्य रूप से करवाएँ।

– कवि का परिचय आवश्यक रूप से समझाएँ किसी भी रचना को पढ़ाने से पूर्व अध्यापक उसके रचनाकार के पूर्ण परिचय से छात्रों को अवगत करवाएँ।

– प्रत्येक पंक्ति का अर्थ विस्तारपूर्वक कक्षा में समझाना आवश्यक है। इससे छात्रों को उत्तर लिखने में सुविधा होगी। शब्दों के अर्थ व तात्पर्य स्पष्ट किए जाने चाहिएं।

## MARKING SCHEME

### Question 9

**(i)** कवि गुरु और भगवान दोनों के बारे में सोचते हैं। उनके सामने जब दोनों एक साथ आ जाते हैं तो उनके मन में प्रश्न उठता है कि वह किसके पहले चरण छुये/छुए शीघ्र ही वह निर्णय लेते हैं कि वह पहले गुरु के चरणों में श्रद्धा और भक्ति से स्वयं को निछावर/न्यौछावर कर देगें क्योंकि गुरु ने ही उन्हें ईश्वर तक पहुँचने का मार्ग बताया है।

**(ii)** कवि अपने गुरु के ऊपर न्यौछावर हो जाना चाहते हैं क्योंकि गुरु ने अज्ञान रूपी अंधकार मिटाकर ज्ञान का प्रकाश दिया है जिससे वह ईश्वर तक पहुँच सकते हैं अतः शिष्य के लिए गुरु का महत्व गोविंद से भी अधिक है।

**(iii)** जिसके हृदय में अहंकार (घमण्ड) होता है वहाँ भगवान का वास नहीं हो सकता है। अतः हमें पहले अपने अहम् को त्यागना होगा तभी हृदय में ईश्वर का वास हो सकता है। अहंकार एक अभिशाप है। अहंकारी व्यक्ति कभी भगवान को नहीं पा सकता है। कबीरदास जी निगुर्ण भक्ति धारा के कवि थे। समाज सुधारक थे। इन्होंने राम रहीम एकता का बीड़ा उठाया था। इनकी भाषा सधुक्कड़ी या पंचमेल खिचड़ी थी।

**(iv)** साँकरी का अर्थ है तंग (छोटी)। प्रेमगली बहुत तंग होती है उसमें या तो भगवान रह सकते हैं या फिर अहंकार। दोनों एक साथ नहीं रह सकते हैं। अहंकारी व्यक्ति कभी भगवान के प्रेम को समझ ही नहीं सकता है। इसलिए प्रेम और अहंकार एक साथ हृदय में नहीं रह सकते हैं।

# Question 10

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

सुनूँगी माता कीआवाज़
रहूँगी मरने को तैयार।
कभी भी उस वेदी पर देव
न होने दूँगी अत्याचार।।

न होने दूंगी अत्याचार
चलो, मैं हो जाऊँ बलिदान
मातृ मंदिर से हुई पुकार,
चढ़ा दो मुझको, हे भगवान।।

[मातृ मंदिर की ओर — सुभद्रा कुमारी चौहान]
**[Matri Mandir Ki Or — Subhadra Kumari Chauhan]**

(i) 'मातृ मंदिर' से क्या तात्पर्य है ? वहाँ से कवयित्री को क्या पुकार सुनाई दे रही है ? [2]

(ii) कवयित्री अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए क्या करने को तैयार है और क्यों? [2]

(iii) मंदिर तक पहुँचने के मार्ग में कवयित्री को किन–किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ? [3]

(iv) प्रस्तुत पद्यांश में कवयित्री की किस भावना को दर्शाया गया है ? वह इस कविता के माध्यम से पाठकों को क्या सन्देश देना चाहती हैं ? [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) इस प्रश्न में 'मातृ–मंदिर' से तात्पर्य ज्यादातर विद्यार्थियों ने 'माता का मंदिर लिखा। यद्यपि यहाँ 'मातृभूमि से तात्पर्य था। प्रश्न के द्वितीय भाग का उत्तर ज्यादातर विद्यार्थियों ने सटीक लिखा।

(ii) प्रस्तुत प्रश्न का उत्तर अधिकांश छात्रों ने सटीक लिखा। कुछ छात्र 'क्यों' का उत्तर सही व स्पष्ट भाषा में व्यक्त नहीं कर पाए।

(iii) इस प्रश्न के उत्तर में अपेक्षाकृत कम बिन्दु दृष्टिगोचर हुए। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि छात्रों ने कविता का पाठन ध्यानपूर्वक नहीं किया।

(iv) अधिकतर विद्यार्थियों ने संतोषजनक उत्तर दिए। कुछ विद्यार्थियों के उत्तर पूर्णतया स्पष्ट नही थे। मुख्य बिन्दुओं की कमी पाई गई। एक बिन्दु को बार–बार दोहराया गया था।

## ***अध्यापकों के लिए सुझाव***

– कविता का भावार्थ समझाते हुए उसका मूल भाव एवं शाब्दिक अर्थ भी बताएं। विद्यार्थियों को समझाएं कि कविता में शब्दार्थ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं अतः वे उन्हें कंठस्थ करें।

– कविता की व्याख्या करते समय, बीच–बीच में विद्यार्थियों से 'कब, क्यों, कहाँ व कैसे' – जैसे प्रश्नों को पूछना चाहिए तत्पश्चात् लिखित अभ्यास करवाया जाना चाहिए।

– कविता से संबंधित लघु व दीर्घ स्तरीय प्रश्नों का कक्षा में अभ्यास करवाया जाना अति आवश्यक है तब छात्र प्रश्नों के उत्तर लिखने में भ्रमित नहीं होंगें। कविता का बार–बार पाठन कराना चाहिए। इससे छात्रों को लाभ होगा।

– कविता पढ़ाने के पश्चात् विद्यार्थियों को कविता से मिलने वाले संदेश, प्रेरणा एवं उद्देश्य की मौखिक चर्चाकर लिखित अभ्यास कराया जाना चाहिए।

## MARKING SCHEME

### Question 10

**(i)** 'मातृ मंदिर' से तात्पर्य जन्मभूमि से है। भारत भूमि कवयित्री की आस्था का मंदिर है। इसे वह एक पावन मंदिर के सामान पूजनीय मानती है क्योंकि यहाँ भारत माता विराजमान हैं। कवयित्री देशप्रेम की भावना से अभिभूत हैं। जब वे अपने देश को विभिन्न समस्याओं से घिरा देखती हैं तो उनका हृदय दुखी हो जाता है।

उन्हें ऐसा महसूस होता है मानो भारत माता अपने सपूतों को देश की रक्षा के लिए पुकार रही हैं। देश धर्म, जाति, वर्ग आदि के नाम पर बँटा हुआ है। लोगों में आपसी मतभेद, मनमुटाव व लड़ाई–झगड़े होते रहते हैं, जिससे भारत माता आहत होती हैं। अतः कवयित्री देशवासियों से आपस में प्रेम तथा भाईचारे से रहने की प्रार्थना करती है ताकि सभी सुखी, समृद्ध व खुशहाल रह सकें।

**(ii)** कवयित्री के मन में अपने देश के प्रति अनूठी भक्ति व प्रेम–भावना है इसलिए वह उस पर मर–मिटने को भी तैयार है। उनका मानना है कि यदि देश किसी भी कठिनाई या मुसीबत में हो तो वह उसकी रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दे देगी। आज देश में ऊँच–नीच, जात–पात, अमीर–गरीब आदि के नाम पर झगड़े–फ़साद हो रहे हैं। चारों तरफ अशांति व अत्याचार का वातावरण है। ऐसे में भारत माता अपनी रक्षा के लिए पुकार रही है अतः देश में सद्भावना व शांति स्थापित करने के लिए कवयित्री अपना बलिदान देने को भी तैयार है।

**(iii)** कवयित्री देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत है। वह भारत माता की पुकार पर उसकी रक्षा के लिए मातृ मंदिर की ओर जाना चाहती है परन्तु वहाँ तक पहुँचने का मार्ग बहुत कठिन है। रास्ते में अनेक अड़चने हैं। वहाँ बड़ी–बड़ी बाधाएँ उपस्थित करने वाले पहरेदार खड़े हैं। मंदिर के मार्ग में ऊँची–ऊँची सीढ़ियाँ हैं जिन पर चढ़ना बहुत कठिन है। कवयित्री के पैर बहुत कमजोर हैं, सीढ़ी पर पाँव रखते ही फिसल जाते हैं। इस प्रकार कवयित्री को देश–सेवा के मार्ग पर चलते हुए अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**(iv)** प्रस्तुत कविता में कवयित्री की सच्ची देशभक्ति, देश के प्रति प्रेम, सेवा व बलिदान की भावना दर्शाइ गई है। उसमें कर्तव्यनिष्ठा, दृढ़ता, स्फूर्ति, आस्था व सद्भावना है जिसके द्वारा वह अपने देश की रक्षा करना चाहती है।

कवयित्री पाठकों के हृदय में देश के प्रति प्रेम व कर्तव्य भावना जागृत करना चाहती है। आज़ादी के बाद भी देश कई समस्याओं से जूझ रहा है। ऊँच–नीच, जात–पात तथा अमीरी–गरीबी का भेदभाव माना जाता है। जिससे आपस में हिंसा, नफरत, द्वेष भाव व अत्याचार बढ़ते हैं। कवयित्री देश की रक्षा, सुख, शान्ति व समृद्धि के लिए पाठकों को बलिदान देने के लिए तैयार रहने को कहती है।

# नया रास्ता (सुषमा अग्रवाल)
## (Naya Rasata — Sushma Agarwal)

# Question 11

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

''माँ को लगा, शायद अमित सरिता के रिश्ते को तैयार नहीं है। इसलिए वह बोली'', ''बेटे, व्यवहार का तो किसी का भी पता नहीं है। न सरिता के बारे में ही कुछ कहा जा सकता है और न ही मीनू के बारे में व्यवहार का तो साथ रहने पर ही पता चलता है।''

(i) माँ को कैसे पता चलता है कि अमित सरिता के रिश्ते के लिए तैयार नहीं है ? [2]

(ii) अमित के पिता मायाराम जी सरिता के रिश्ते को क्यों नही स्वीकार करना चाहते हैं? [2]

(iii) अमित और सरिता का रिश्ता तय होने के लिए माँ किसको और क्यों उकसाती है? माँ की ऐसी धारणा से उनके स्वभाव के बारे में क्या पता चलता है ? समझाकर लिखिये। [3]

(iv) शादी के विषय में समाज की क्या परम्परा है ? आप इससे कहाँ तक सहमत हैं ? स्पष्ट कीजिये। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) कई छात्रों ने इस प्रश्न का उत्तर संतोषजनक लिखा परन्तु कई छात्रों के उत्तर में मुख्य–बिन्दु अपेक्षाकृत कम पाए गए। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि छात्रों ने पुस्तक को ध्यानपूर्वक नहीं पढ़ा।

(ii) इस प्रश्न का उत्तर भी कम ही विद्यार्थी दे पाए। अन्य छात्र उत्तर लिखते समय भ्रमित दिखाई दिए। अतः समुचित व सटीक उत्तर लिखने में असफल रहे।

(iii) अधिकांश विद्यार्थी इस प्रश्न का सटीक उत्तर लिख पाए। प्रश्न के अंतिम भाग में माँ के स्वभाव के बारे में कुछ छात्र नहीं लिख पाए।

(iv) यह एक विचारात्मक प्रश्न था। जिसमें अधिकांश छात्र भ्रमित दिखाई दिए। उनमें परिपक्व विचारों की कमी दृष्टिगोचर हुई। छात्र दहेज की परंपरा और उसके संबंध में अपने विचार मुख्यतया नहीं लिख पाए।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– उपन्यास बार–बार पढ़ना चाहिए। आगे के अंक पढ़ते समय पिछली घटनाओं को दोहराना चाहिए। विद्यार्थी एकाग्रचित्त होकर प्रत्येक अध्याय पर ध्यान दें। हर अध्याय की मुख्य बातें कक्षा में लिखवा देनी चाहिएं। प्रश्नोत्तर का भी समुचित अभ्यास करवाना आवश्यक है।

– छात्रों को उपन्यास के उद्देश्य व मुख्य घटनाओं से पूर्णतया परिचित करवाएँ। मुख्य बातों का विस्तारपूर्वक वर्णन करें। प्रश्नोत्तर का मौखिक व लिखित अभ्यास करवाएँ।

– प्रश्न के अनुसार उत्तर लिखते समय सही बिन्दुओं के चयन पर बल दें। पात्रों के नाम व उनकी चारित्रिक विशेषताओं से विद्यार्थियों को अवगत करवाएँ।

– उपन्यास पढ़ाते समय विद्यार्थियों को उदाहरणों व ऐसे तथ्यों से अवगत कराया जाना चाहिए। जो छात्रों के लिए लाभदायक है। यह उपन्यास का मूल विषय है। दहेज की समस्या उसकी बुराईयाँ भी अवश्य विस्तार से बताएं। यह परंपरा गलत है। अतः इसे समाप्त करके ही लोगों का जीवन खुशहाल बन सकता है।

# MARKING SCHEME

## Question 11

**(i)** माँ जब अमित से सरिता के रिश्ते के लिए कहती है तो वह कहता है कि माँ क्या बड़े घर की बेटी तुम्हारे साथ रह सकेगी ? क्या वह हमारे घर के वातावरण में घुल–मिल सकेगी ? अमित की इन बातों को सुनकर माँ को पता चलता है कि अमित सरिता के रिश्ते के लिए तैयार नहीं है।

**(ii)** अमित के पिता मायाराम जी सरिता के रिश्ते को इस लिए स्वीकार करना नहीं चाहते थे क्योंकि उनको भी कहीं न कहीं इस बात का आभास हो रहा था कि बड़े घर की लड़की जो अपने साथ ढेर सारा दहेज तो लाएगी लेकिन परिवार वालों के साथ मिलकर नहीं रह सकेगी।

**(iii)** अमित और सरिता का रिश्ता तय होने के लिए माँ अपने पति मायाराम जी को उकसाती है ताकि वह मीरापुर वाले दयाराम जी को पत्र लिखकर उनसे उनकी छोटी बेटी आशा का रिश्ता अमित के लिए माँग ले। इससे दयाराम जी इन्कार कर देंगे क्योंकि बड़ी बेटी के विवाह से पहले वह अपनी छोटी बेटी का विवाह नहीं कर सकेंगे और फिर अमित का रिश्ता धनीमल की बेटी के साथ कर दिया जाएगा। माँ की ऐसी धारणा से उनके स्वभाव के बारे में पता चलता है कि वह एक स्वार्थी और दहेज लोभी महिला हैं। वह अधिक दहेज मिलने के लालच में मीनू जैसी पढ़ी–लिखी और संस्कारी लड़की का रिश्ता ठुकरा देती है। उनके लिए धन से अधिक किसी प्रकार की भावना कोई महत्व नहीं रखती है।

**(iv)** शादी के विषय में हमारे समाज में यह परंपरा विद्यमान है कि लड़की वालों को हमेशा विवाह–शादी के समय छोटा समझा जाता है। लड़के वाले अपने आपको बहुत उच्च समझते हैं। दहेज के लिए लड़की वालों को प्रताड़ित किया जाता है। उच्च शिक्षा प्राप्त लड़की को भी उचित मान–सम्मान नहीं दिया जाता है।

जहाँ तक मेरा विचार है मैं इस सामाजिक कुरीति का विरोध करता हूँ। आज के वैज्ञानिक युग में लड़के एवं लड़की में कोई फर्क नहीं होना चाहिए। हमारे खुद के परिवार में भी लड़कियों के होते हुए हम दूसरों की लड़की के लिए हीन भावना रखते हैं। ऐसी धारणा रखना बिल्कुल गलत है।

# Question 12

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

> ''मीनू ने अमित के कमरे में प्रवेश किया, तो देखा कि अमित अपने पलंग पर लेटा हुआ है। मीनू को देखकर उन्होंने उसे प्रेमपूर्वक बैठाया। उसे देखकर अमित के मुरझाये चेहरे पर भी खुशी की लहर दौड़ गई।''

(i) मीनू अमित को देखने कहाँ गई थी? जाते समय वह मन में क्या सोच रही थी ? [2]

(ii) कमरे में प्रवेश करते ही उसने क्या देखा ? अमित की माँ ने मीनू से क्या पूछा? उसने क्या उत्तर दिया ? [2]

(iii) मीनू के वकालत पास करने पर अमित की माँ को विशेष खुशी क्यों हो रही थी ? क्या उन्हें अपनी गलती का अहसास हो गया था? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिये। [3]

(iv) मीनू के हृदय में बचपन से ही किसके प्रति दया की भावना थी ? वह उनकी किस प्रकार सहायता करने का निश्चय कर रही है ? [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश छात्र प्रश्न के प्रथम भाग का उत्तर तो स्पष्ट रूप से लिख पाए परन्तु द्वितीय भाग का उत्तर लिखने में भ्रमित दिखाई दिए। वे मीनू के मन की दशा का संतोषजनक वर्णन नहीं कर पाए।

(ii) कुछ छात्र कमरे के दृश्य का वर्णन ठीक से नहीं कर पाए। द्वितीय व तृतीय भाग में भी कुछ छात्र भ्रमित दिखाई दिए। मीनू वकालत पढ़ रही है या प्रैक्टिस कर रही है। इस बात में छात्रों को संदेह था।

(iii) इस तार्किक प्रश्न के प्रथम भाग में छात्रों को कठिनाई हुई। वे मुख्य बातें पूर्णतया स्पष्ट नहीं कर पाए। द्वितीय भाग में भी मुख्य बिन्दु स्पष्ट नहीं थे। इसका कारण परिपक्व विचारों की कमी तथा अभ्यास की न्यूनता दृष्टिगोचर होता है।

(iv) इस प्रश्न का उत्तर लिखने में भी छात्र भ्रमित दिखाई दिए। वे राजो व मनोहर के नामों का उल्लेख करने के बदले कुछ अन्य नाम लिख गए। पान की दुकान खुलवाने वाली बात बहुत कम विद्यार्थी लिख पाए।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– कक्षा में प्रश्नें का मौखिक व लिखित अभ्यास करवाना आवश्यक है। विचारात्मक प्रश्नें पर भी चर्चा करें। प्रश्न के प्रत्येक पहलू पर ध्यान देने का निर्देश दें। एक प्रश्न में दो या तीन प्रश्नें का समावेश कर अभ्यास करवाएँ। इससे छात्र लाभान्वित होगें।

– उपन्यास की मुख्य घटनाओं का मंचन करवाया जा सकता है। इससे छात्रों को घटनाक्रम याद रखने में सुविधा होगी। आगे के अध्याय पढ़ाने से पूर्व पिछली घटनाओं को कक्षा मे दोहरा लेना चाहिए।

– तर्कपूर्ण प्रश्नें का कक्षा में यथोचित अभ्यास करवाया जाना चाहिए। कक्षा में 'वाद–विवाद' भी आयोजित किया जा सकता है, जिससे छात्रों की तार्किक क्षमता का विकास हो।

– उपन्यास के उद्देश्य, केन्द्रीय भाव आदि की चर्चा बार–बार कक्षा में की जाए। मुख्य पात्रों का परिचय व घटनाओं का विवरण दिया जाए। मौखिक व लिखित प्रश्नें का अभ्यास लाभदायक होगा।

## MARKING SCHEME

## Question 12

**(i)** मीनू अमित को देखने अस्पताल गई थी। अस्पताल जाते समय उसके मन में विचार आ रहा था कि वह अस्पताल जाए या नहीं। कई बार उसके हृदय ने उसे वापस मुड़ जाने के लिए प्रेरित किया परन्तु अन्त में उसके कदम अस्पताल की ओर बढ़ते गए। उसने देखा कि वह अस्पताल के सामने खड़ी थी।

**(ii)** अमित के कमरे में प्रवेश करते ही मीनू ने देखा कि अमित अपने पलंग पर लेटा हुआ है और अपनी माँ से बातें कर रहा है। अमित की माँ ने मीनू से पूछा कि उसकी वकालत की पढ़ाई पूरी हो गई है क्या ? मीनू ने उत्तर में सिर हिलाकर कहा कि प्रथम श्रेणी में वकालत पास कर ली है और मेरठ में ही प्रैक्टिस भी शुरू कर दी है।

**(iii)** मीनू के वकालत पास करने पर अमित की माँ को विशेष प्रसन्नता हो रही थी कि वह अपने पैरो पर खड़ी हो गई है। आत्मनिर्भर हो गई है। उनका लड़का अमित एक्सीडेंट के कारण बिस्तर पर है। उसका पुत्र मीनू को ही प्यार करता है अब मीनू से विवाह होने पर वह अमित का सहारा बन जाएगी। उसके बेटे के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेगी उनके बुढ़ापे का भी सहारा बन जाएगी। इसलिए

अमित की माँ मीनू के वकील बन जाने पर बहुत प्रसन्न है। उसे अपनी गलती का अहसास हो गया था क्योंकि मीनू ने अमित को उस समय अपनाया जब वह अस्पताल में असहाय पड़ा हुआ था। जिस अमीर लड़की से उसने अमित की शादी तय कराई थी वह रिश्ता तोड़कर चली गयी थी उसके अमीर पिता ने अमित को छोड़कर अपनी पुत्री का दूसरे लड़के से विवाह करने का निश्चय कर लिया था। मीनू ने अमित को उसी असहाय अवस्था में स्वीकार कर लिया था क्योंकि वह अमित से सच्चा प्यार करती थी। अमित की माँ की आँखें खुल गई थी। उसे आत्म–निर्भर मीनू पर गर्व एवं प्रसन्नता हो रही थी।

**(iv)** मीनू को बचपन से ही असहाय एवं अपाहिज लोगों के प्रति दया की भावना थी। राजो के चचेरे भाई जिसका एक पैर कटा हुआ था और सीधे हाथ की दो अंगुलियाँ गायब देखकर उसका हृदय करूणा से भर गया। मीनू ने मन ही मन निश्चय किया कि वह किसी न किसी रूप में मनोहर की सहायता अवश्य करेगी। विवाह के फालतू खर्च में से कुछ रुपये बचाकर अपाहिज मनोहर की सहायता करने का निश्चय कर लिया। मीनू ने निश्चय किया कि वह मनोहर को 'पान की दुकान' करा देगी। एक पैर और सीधे हाथ की दो अंगुलियाँ नहीं हैं तो क्या हुआ ? बाकी तीन अंगुलियों के सहारे पान तो लगा ही सकता है। पाँच हजार रुपयों में पान की दुकान आसानी से खोली जा सकती है। उसने मनोहर को पान की दुकान खुलवा कर मनोहर की जिंदगी सुधार दी।

# Question 13

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow:—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

अमित का नाम सुनते ही दरवाज़े की ओर पीठ किए बैठी मीनू ने मुड़कर देखा तो वह आश्चर्यचकित रह गई। मीनू जब भी अमित को देखती, उसके मन में अजीब सी घृणा उत्पन्न हो जाती। अमित व उसके सभी मित्र वहाँ आ चुके थे परन्तु मीनू अभी भी सोच में डूबी हुई थी।

(i) मीनू इस समय कहाँ थी ? वहाँ अमित से उसकी कैसे मुलाकात हो गई ? [2]

(ii) मीनू और अमित के बीच क्या सम्बन्ध था ? वह उससे घृणा क्यों करती थी ? [2]

(iii) उसे वहाँ किस सच्चाई का पता चला ? उन बातों का उसपर क्या प्रभाव पड़ा ? [3]

(iv) ''मीनू परिस्थितियों से हार मानने वाली कोई साधारण नारी नहीं थी'' — स्पष्ट कीजिए कि उसने अपने जीवन को कैसे नई दिशा दी ? [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) कुछ विद्यार्थी प्रश्न के प्रथम भाग में मीनू की सहेली का नाम नीलिमा लिखने मे असमर्थ रहे। नाम लिखना अनिवार्य है। प्रश्न के दूसरे भाग में नामकरण संस्कार की जगह विवाहोत्सव अथवा घर लिखकर लापरवाही दिखाई।

(ii) प्रश्न के दूसरे भाग में छात्रों को कुछ कठिनाई हुई। घृणा का कारण स्पष्ट रूप से वे नहीं लिख पाए। मुख्य बिन्दुओं का अभाव पाया गया।

(iii) इस प्रश्न के उत्तर में विद्यार्थियें ने मुख्य बिन्दुओं पर ध्यान न देकर अत्यधिक विस्तार से उत्तर लिख दिया परन्तु सटीक उत्तर न मिल पाया।

(iv) अधिकांश विद्यार्थियों ने इस प्रश्न का उत्तर लिखने का सफल प्रयास किया परन्तु 'मीनू ने अपने जीवन को कैसे नई दिशा दी' का उत्तर कुछ विद्यार्थी समुचित रूप से नहीं लिख पाए।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

- उपन्यास पढ़ाते समय मुख्य बिन्दुओं, घटनाओं तथा नामों की ओर विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें रेखांकित करवाएँ।
- अध्याय के प्रत्येक पहलू पर विशेष ध्यान आकर्षित करा कर व्याख्या की जानी चाहिए ताकि विद्यार्थियों को घटनाक्रम समझ में आए और परीक्षा में वे सही व सटीक उत्तर लिखने में सक्षम हो।
- कक्षा में प्रश्नोत्तर का अभ्यास कराते समय छात्रों को यह निर्देश दिया जाए कि अंक व भाग के अनुसार मुख्य बिन्दुओं पर ध्यान देते हुए छात्र प्रश्नें के उत्तर दें।
- विद्यार्थियों को उपन्यास बार–बार पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। विचारात्मक प्रश्नों का नियमित अभ्यास करवाएँ।

## MARKING SCHEME

## Question 13

**(i)** मीनू मेरठ में रहकर वकालत कर रही थी। इस समय वह अपनी घनिष्ठ सहेली नीलिमा के घर पर आई थी। वह उसकी बचपन की सखी थी। उसका विवाह सुरेन्द्र के साथ हुआ था, जो मेरठ का रहने वाला था। विवाह के बाद नीलिमा भी मेरठ में आकर बस गई थी। कुछ दिन पूर्व उसके यहाँ पुत्र पैदा हुआ था। उसी के नामकरण संस्कार में वह शामिल होने के लिए उनके घर आई थी। वहीं उसकी मुलाकात अमित से हुई। अमित नीलिमा के पति सुरेन्द्र का परम मित्र था इसलिए वह भी उस उत्सव में शामिल हुआ था।

**(ii)** मीनू और अमित के बीच रिश्ते की बात चली थी। अमित और उसके परिवार–जन उसे देखने आए थे। अमित की बातों से मीनू को ऐसा लगा था कि वह उसे पसंद आ गई थी। अतः उसका मन विवाह के सपने बुनने लगा था। कुछ दिनों के पश्चात अमित के पिताजी का पत्र आया था जिसमें उन्होंने लिखा था कि उन्हे रिश्ते के लिए आशा पसंद थी। आशा मीनू की छोटी बहन थी। इससे पूरा परिवार निराश हो गया था परन्तु किसी तरह उसके पिताजी मन बनाकर आशा का अमित के साथ रिश्ता पक्का करने गए तो वहाँ जाकर उन्हें पता चला कि अमित के माता–पिता ने उसका रिश्ता नगर के धनाढ्य व्यक्ति धनीमल जी की पुत्री के साथ तय कर दिया है। वे दहेज में पाँच लाख रुपये लगा रहे थे। यह सब जानकर मीनू को अमित से घृणा हो गई थी। अमित का परिवार दहेज़ का लोभी निकला था। साथ ही उन्होंने आशा का हाथ माँगकर जो धोखे भरी चाल चली थी इससे मीनू अमित से नफरत करने लगी थी।

**(iii)** जब मीनू नीलिमा के पुत्र के नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए उसके घर गई तो वहाँ उसे नीलिमा से पता चला कि अमित, नीलिमा के पति सुरेन्द्र का मित्र था। उसका मेरठ के किसी घराने में रिश्ता तय होकर टूट गया था। विवाह से एक माह पूर्व लड़की वालों ने अपनी पुत्री को दहेज़ में एक फ्लैट देने की बात कही थी। यह बात अमित व उसके माता–पिता को पसंद नहीं आई। अमित अपने माता–पिता से अलग होकर अपनी गृहस्थी नहीं बसाना चाहता था अतः उनका रिश्ता टूट गया।

नीलिमा ने यह भी बताया कि अमित ने मीरापुर में एक लड़की देखी थी जो उन्हें पसंद भी आई थी परन्तु उस समय उनके माता–पिता की गलती से वह रिश्ता नहीं हो सका। अमित आज भी वे यह चाहते हैं कि यदि उस लड़की की शादी न हुई हो तो वे उसी से शादी करें। उस लड़की ने अपनी पहली मुलाकात में ही न जाने उन पर क्या जादू कर दिया था। नीलिमा को यह ज्ञात नहीं था कि वह लड़की मीनू ही थी। ये सारी बातें सुनकर मीनू के हृदय से अमित के प्रति घृणा के भाव दूर हो गए।

**(iv)** मीनू एक साधारण व्यक्तित्व वाली होनहार युवती थी। वह परिस्थितियों से कभी हार नहीं मानती थी। विवाह के लिए कई लड़के देखने आये थे परन्तु किसी ने उसे साँवली तो किसी ने उसे कद की छोटी कहकर ठुकरा दिया था। इन बातों के कारण उसने अपना मनोबल गिरने नहीं दिया। उसने यह निश्चय किया कि अब वह विवाह ही नहीं करेगी और अपने पैरों पर खड़ी होगी। वह बचपन से ही वकील बनना चाहती थी। अतः उसने अपनी वकालत की पढ़ाई शुरू कर दी। इस प्रकार उसने अपने जीवन को एक नई दिशा दी। उसने अपने कठोर परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति, लगन, आत्मविश्वास व बुद्धिमता से प्रथम श्रेणी में वकालत की शिक्षा पूर्ण की। इस प्रकार वह आत्मनिर्भर बनकर पुरुष समाज के कंधे से कंधा मिलाकर काम करने लग गई। अतः हम कह सकते है कि मीनू ने अपनी कमजोरियों पर विजय प्राप्त कर समाज में एक मिसाल कायम की।

# एकांकी संचय

# [Ekanki Sanchay]

## Question 14

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए **:**—

> ''दहेज देना तो दूर, बारात की खातिर भी ठीक से नहीं की गई। मेरे नाम पर जो धब्बा लगा, मेरी शान में जो ठेस पहुँची, भरी बिरादरी में जो हँसी हुई, उस करारी चोट का घाव आज भी हरा है। जाओ, कह देना अपनी माँ से कि अगर बेटी को
>
> विदा कराना चाहती है तो पहले उस घाव के लिए मरहम भेजे।''

[बहू की विदा — विनोद रस्तोगी]

[**Bahu Ki Vida — Vinod Rastogi**]

(i) प्रस्तुत कथन किसने,किससे कहा ? सन्दर्भ सहित उत्तर लिखिए। [2]

(ii) 'मरहम' का क्या अर्थ है ? यहाँ मरहम से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए। [2]

(iii) वक्ता के चरित्र की विशेषताएँ लिखिए। [3]

(iv) प्रस्तुत एकांकी में किस समस्या को उठाया गया है ? उस समस्या को दूर करने के लिए क्या–क्या कदम उठाए जा रहे हैं ? अपने विचार दीजिए। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) यह प्रश्न छात्रों को आसान लगा तथा अधिकांश विद्यार्थियां ने इस का चयन किया। कुछ छात्र श्रोता और वक्ता के नाम के बीच भ्रमित रहे। कुछ छात्रों ने नाम न लिखकर कमला के ससुर व भाई लिख दिया। प्रश्न के दूसरे भाग का संदर्भ लिखने में कुछ छात्र असफल रहे।

(ii) कुछ छात्र मरहम का अर्थ लिखने में असफल रहे। ज्यादातर छात्रों ने अर्थ की अवहेलना करते हुए तात्पर्य में 'पाँच हजार रूपए दहेज की रकम लिखा।

(iii) अधिकतर विद्यार्थियों ने वक्ता की चारित्रिक विशेषताएँ सटीक लिखीं परन्तु कुछ विद्यार्थियों ने मुख्य बिन्दु न लिखकर पूरी कहानी लिख डाली। वाक्य संरचना में त्रुटियाँ दिखाई दीं।

(iv) एकांकी मे उठाई गई दहेज की समस्या का उल्लेख तो सभी छात्रों ने किया परन्तु इस समस्या के समाधान हेतु उठाए जाने वाले कदमों का वर्णन करने में अक्षम दिखाई दिए। मुख्य बिन्दुओं का अभाव पाया गया।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– अध्यापक छात्रों को एकांकी बार–बार पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें। एकांकी का मंचन करवाएँ वक्ता, श्रोता, प्रसंग व संदर्भ पूछते हुए अभ्यास–प्रश्न करवाएँ।

– पाठ की व्याख्या करते समय शब्दों के अर्थ समझाकर लिखवा भी दिए जाएँ। प्रश्नोत्तर मौखिक व लिखित दोनों विधि से करवाए जाएं। छात्रों को ध्यान पूर्वक प्रश्न पढ़ने का निर्देश दें। ध्यान रहे कि जब प्रश्न दो अलग अलग भागों में पूछे गए हैं तो उनके उत्तर भी भिन्न होगें।

– पाठ की व्याख्या करते समय मुख्य पात्रों की चारित्रिक विशेषताएँ रेखांकित करवा दें तथा उन्हें याद करने के लिए प्रेरित करें। लेखन कार्य का अभ्यास बार–बार करवाना अनिवार्य है, जिससे छात्रों में भाषा ज्ञान बढ़ेगा तथा वे शुद्ध लिखने मे सक्षम होंगे।

– कक्षा में पढ़ाए गए पाठ से संबंधित सामान्य ज्ञान की बातें भी छात्रों को बताई जाएं। छात्रों को इस तरह के विचारात्मक प्रश्नों का लिखित अभ्यास करवाया जाए।

## MARKING SCHEME

### Question 14

**(i)** प्रस्तुत कथन जीवनलाल ने अपनी बहू कमला के भाई प्रमोद से कहा। वह अपनी बहन कमला को उसके पहले सावन के मौके पर विदा कराने आया था। जब उसने कमला के ससुर जीवनलाल जी से कमला को भेजने की प्रार्थना की तो उन्होंने अपनी नाराज़गी दर्शाइ। उनका कहना था कि विवाह में दहेज देना तो दूर बारात की खातिर भी अच्छी तरह से नहीं की गई। इससे उनके मान–सम्मान को ठेस पहुँची हैं। उनके हृदय पर गहरे घाव हुए है। उसके लिए उन्हें मरहम चाहिए और उस मरहम की कीमत है पाँच हज़ार रुपए। जब वे पाँच हज़ार की रकम दे देंगे तभी कमला विदा होगी।

**(ii)** 'मरहम' का अर्थ औषधि (दवाई) है जो शरीर पर लगे घाव को ठीक करने के काम आती है। इसे ज़ख्म पर लगा दिया जाता है और कुछ ही दिनों में ज़ख्म भर जाता है।

यहाँ पर 'मरहम' शब्द का प्रयोग कमला के ससुर जीवनलाल जी ने दहेज़ के लिए किया है। उन्होंने उस मरहम की कीमत पाँच हज़ार रुपए तय की थी। उनका कहना था कि विवाह में दहेज़ पूरा नहीं दिया गया। इससे उनकी बिरादरी में हँसी उड़ी है। उनके मान–सम्मान को ठेस पहुँची है। इस अपमान रूपी चोट का घाव आज भी हरा है। यदि उसकी माँ बेटी को विदा करना चाहती है तो उस चोट के मरहम के रूप में पाँच हज़ार रुपए अदा कर दें।

**(iii)** जीवनलाल इस एकांकी के प्रमुख पात्र हैं। वे जिद्दी स्वभाव के 'स्वार्थी, अभिमानी व कठोर व्यक्ति हैं। वे दहेज़ के लोभी भी हैं। कम दहेज़ मिलने के कारण अपनी बहू को पहले सावन के मौके पर

मायके नहीं जाने देते। इतना ही नहीं, वे उसके भाई प्रमोद को खूब खरी–खोटी सुनाकर अपमानित भी करते है। वे बेटी और बहू में अंतर मानते हैं। उनकी तुलना में अपने घराने को प्रतिष्ठित बताते हैं। उन्हें इस बात का बहुत गर्व होता है कि उन्होंने अपनी बेटी गौरी की शादी में बहुत सारा दहेज़ दिया है और बारात की खूब खातिर भी की है। ऐसे में जब उसके ससुराल वाले भी दहेज़ कम मिलने के कारण गौरी को विदा नहीं करते तो वे भौचक्के रह जाते हैं, उन्हें बुरा–भला कहते हैं परन्तु इसके साथ ही उनका हृदय परिवर्तित हो जाता है। वे एकदम पिघल जाते है। उन्हें अपनी गलती का अहसास हो जाता है और वे अपनी बहू को विदा कर अपनी भूल सुधार लेते हैं।

**(iv)** प्रस्तुत एकांकी में 'दहेज की समस्या' को उठाया गया है। यह एक सामाजिक बुराई है जो समाज को खोखला बना रही है। समाज की उन्नति के लिए इसे दूर करना अति आवश्यक है। दहेज की बलिवेदी पर न जाने कितनी कन्याएँ भेंट चढ़ चुकी हैं। हर दिन ऐसी दुखद घटनाएँ घटित होती रहती हैं।

इस समस्या को दूर करने के लिए 'स्त्री शिक्षा' का प्रसार करना चाहिए। शिक्षित लड़की अपने पैरों पर खड़ी हो जाती है और वह अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ आवाज़ उठाना जानती है। लड़कियों के लिए सरकार ने निःशुल्क शिक्षा का प्रबंध किया है। सरकार की 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा 'सुकन्या' योजना काफी कारगर साबित हो रही हैं। सरकार दहेज के लोभियों को कड़ी सज़ा देती है। गैर सरकारी संस्थान भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। साहित्यकार अपनी मार्मिक कविताओं, कहानियों व नाटक आदि के द्वारा लोगों की आँखें खोलने का प्रयास करते हैं। सिनेमा भी बड़ी भूमिका निभाता है। आज आधुनिक समाज में अंतर्जातीय विवाह भी दहेज़ की समस्या को रोकने में सहायक सिद्ध होते हैं।

# Question 15

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए **:—**

'प्राण जाएँ पर वचन न जाएँ'— यह हमारे जीवन का मूलमंत्र है। जो तीर तरकश से निकलकर कमान से छूट गया, उसे बीच में लौटाया नहीं जा सकता। मेरी प्रतिज्ञा कठिनाई से पूरी होगी, यह मैं जानता हूँ और इस बात की हाल के युद्ध में पुष्टि भी हो चुकी है कि हाड़ा जाति वीरता में हम लोगों से किसीप्रकार हीन नहीं है।''

[मातृभूमि का मान — हरिकृष्ण 'प्रेमी']

[**Matri Bhoomi Ka Man — Hari Krishna 'Premi'**]

| | | |
|---|---|---|
| (i) | उपरोक्त कथन के वक्ता और श्रोता का संक्षिप्त परिचय दीजिए। | [2] |
| (ii) | वक्ता ने क्या प्रतिज्ञा ली थी ? कारण सहित लिखिए। | [2] |
| (iii) | हाड़ा वंश के राजा कौन थे ? हाड़ा लोगों की क्या विशेषताएँ थीं ? उनपर प्रकाश डालिए। | [3] |
| (iv) | 'प्राण जाएँ पर वचन न जाएँ' –– इस कहावत का क्या अर्थ है ? एकांकी के सन्दर्भ में समझाइए। | [3] |

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) कुछ छात्र वक्ता और श्रोता को पहचानने में भ्रमित दिखाई दिए। कुछ छात्र वक्ता और श्रोता के नाम लिखने में अक्षम रहें। कुछ छात्रों ने परिचय उल्टे लिख दिए। जैसे अभय सिंह को मेवाड़ का राजा व महाराणा लाख को बूंदी का राजा लिख दिया।

(ii) विद्यार्थियों ने प्रश्न के प्रथम भाग 'प्रतिज्ञा' के बारे में सटीक लिखा परन्तु कारण लिखने में वे अक्षम रहे। इसका कारण अभ्यास की कमी दृष्टिगोचर हुआ।

(iii)इस प्रश्न के दूसरे भाग का उत्तर लिखने मे कुछ छात्रों को कठिनाई हुई । वे हाड़ा वंश के लोगों की विशेषताएँ लिखने में अक्षम रहे। कुछ छात्रों ने राव हेमू की विशेषताएँ ही लिख दी। मुख्य बिन्दुओं का अभाव देखा गया।

(iv)कुछ विद्यार्थियों ने कहावत का अर्थ सही लिखा लेकिन एकांकी के संदर्भ में सही प्रकार से समझाने में असमर्थ रहे। कुछ विद्यार्थियों के उत्तर स्पष्ट भी थे।

### ***अध्यापकों के लिए सुझाव***

– एकांकी के प्रमुख पात्रों के नाम पढाते समय छात्रों को याद करवाए जाएं। साथ ही मुख्य पात्रों के चरित्र की विशेषताएँ भी बताई जाएं। वक्ता, श्रोता संदर्भ आदि से संबंधित प्रश्नों का कक्षा में समोचित अभ्यास करवाया जाए।

– नाक की व्याख्या करते समय 'कब, कहाँ, कैसे कारण इत्यादि बिन्दुओं की चर्चा करें तथा मुख्य बिन्दुओं को रेखांकित करवाकर उन्हें याद करने पर बल दें।

– कक्षा में अभ्यास प्रश्न करवाए जाने चाहिए। मुख्य बिन्दुओं पर चर्चा करें। चारित्रिक विशेषताओं के लिए छोटे–छोटे विशेषण शब्दें का प्रयोग पर बल दें।

– एकांकी पढाते समय महत्वपूर्ण पंक्तियों एवं कहावतों को रेखांकित कराएं तथा अर्थ स्पष्ट करते हुए उसका पाठ के साथ संदर्भ स्पष्ट करें।

## MARKING SCHEME

## Question 15

**(i)** प्रस्तुत कथन मेवाड़ के महाराणा लाख ने अपने सेनापति अभय सिंह से कहा था। महाराणा लाख चित्तौड़ के शासक थे। वे सिसोदिया वंश के थे। उन्हें अपने पूर्वजों बाप्पा रावल और वीरवर हम्मीर की वीरता और शौर्य पर गर्व था। उनका मानना था कि विदेशी शक्ति का सामना करने के लिए सभी राजपूत राजाओं को एकजुट हो जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने प्रयास भी किया। वे अपने वचन की मर्यादा का पालन करने के लिए दृढ़ रहे।

**(ii)** प्रस्तुत कथन के वक्ता महाराणा लाखा ने प्रतिज्ञा ली थी कि वे जब तक बूँदी के दुर्ग में ससैन्य प्रवेश नहीं कर लेंगे तब तक अन्न–जल नहीं ग्रहण करेंगे। उन्होंने यह प्रतिज्ञा इसलिए ली थी क्योंकि वे नीमरा के मैदान में बूँदी के राव हेमू से पराजित हो गए थे और अपनी जान बचाने के लिए उन्हें वहाँ से भागना पड़ा था। इस बात से उनके आत्म–गौरव को बहुत ठेस पहुँची थी। उन्हें लगा कि उन्होंने मेवाड़ के गौरवपूर्ण इतिहास में कलंक का टीका लगा दिया था। वे हाड़ाओं को हराकर अपने माथे का कलंक जल्द से जल्द धो डालना चाहते थे।

**(iii)** राव हेमू बूँदी के शासक थे और वे हाड़ा वंश के थे। वे वीर, पराक्रमी, साहसी व निर्भीक राजा थे। उनमें स्वाभिमान भरा हुआ था। वे अपनी बूँदी को किसी के भी अधीन नहीं देख सकते थे चाहे वह आंतरिक शक्ति हो अथवा विदेशी। वे सच्चे देशभक्त थे और राजपूतों की अखंड शक्ति व एकता में विश्वास करते थे परन्तु अपनी मातृभूमि के मान पर आँच नहीं आने देते थे।

हाड़ा वंश के लोग बहुत बलशाली, साहसी व निर्भीक थे। वे अपनी मातृभूमि के प्रति अनूठी श्रद्धा भावना रखते थे। वे उसके मान–सम्मान पर आँच नहीं आने दे सकते थे। वे अपने प्राणों के रहते अपनी बूँदी का अपमान होते नहीं देख सकते थे।

**(iv)** इसीलिए नकली बूँदी की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। बूँदी के सैनिक वीर सिंह का आत्म–बलिदान इतिहास में स्वर्णाक्षरों से लिखा गया है।

'प्राण जाएँ पर वचन न जाए' - यह एक कहावत है जो सूर्यवंश के राजाओं के जीवन का मूलमंत्र थी। वे जिस बात की प्रतिज्ञा ले लेते थे उस पर अडिग रहते थे। चाहे प्राण ही क्यों न चले जाएँ परन्तु वे अपने वचन की मर्यादा का पालन करते थे।

मेवाड़ के महाराणा लाखा बूँदी के राव हेमू से हारकर युद्ध के मैदान से भाग निकले थे। इससे उनके आत्म–सम्मान को ठेस पहुँची थी, इसीलिए उन्होंने बूँदी के राव को हराने की भीषण प्रतिज्ञा ले ली थी। सेनापति अभय सिंह के समझाने पर भी वे अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहे परन्तु जब सेनापति ने उन्हें बूँदी का नकली दुर्ग बनाकर उसे नष्ट कर अपनी प्रतिज्ञा पूरी करने की सलाह दी तो वे मान गए। बूँदी का नकली दुर्ग बनाया गया जहाँ हाड़ा सैनिक वीर सिंह व उसके साथियों ने असली लड़ाई लड़ी और बूँदी की रक्षा करते–करते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। महाराणा लाखा ने बूँदी के नकली दुर्ग को नष्ट कर अपनी प्रतिज्ञा का पालन किया।

# Question 16

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित अवतरण को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

"मेरी आकाँक्षा है कि सब डालियाँ साथ–साथ फलें–फूलें, जीवन की सुखद, शीतल वायु के स्पर्श से झूमें और सरसराएँ। विटप से अलग होने वाली डाली की कल्पना ही मुझे सिहरा देती है।"

[सूखी डाली — उपेन्द्र नाथ 'अश्क']

**[Sookhi Dali — Upendra Nath 'Ashk']**

(i) उपर्युक्त कथन कौन, किससे किस संदर्भ में कह रहा है ? [2]

(ii) सब डालियाँ साथ–साथ फलने–फूलने से क्या आशय है ? 'डालियाँ' शब्द किसके लिए प्रयुक्त हुआ है ? [2]

(iii) किसकी आकांक्षा है कि सब खुशहाल रहें और क्यों ? इस एकांकी से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [3]

(iv) प्रस्तुत कथन से वक्ता की किस चारित्रिक विशेषता का पता चलता है ? अपने विचार भी प्रस्तुत कीजिये। [3]

## परीक्षकों की टिप्पणियाँ

(i) अधिकांश विद्यार्थियों ने 'कौन' के लिए दादा मूल राज सटीक उत्तर लिखा परन्तु 'किससे' का उत्तर लिखने मे छात्र भ्रमित दिखाई दिए। किसी ने 'छोटी बहू' तो किसी ने 'परेश' लिखा जबकि उत्तर छोटी बहू के अतिरिक्त परिवार के सभी सदस्य था। संदर्भ को दर्शाने मे भी कुछ छात्र अक्षम रहे।

(ii) प्रश्न के प्रथम भाग 'आशय' को स्पष्ट करने में अधिकांश छात्रों को कठिनाई हुई। प्रश्न के दूसरे भाग का उत्तर ज्यादातर सभी विद्यार्थियों ने सटीक दिया।

(iii) प्रश्न के द्वितीय भाग 'क्यों' का उत्तर अधिकांश छात्र पूर्णतया स्पष्ट न कर सकें। मुख्य बिन्दुओं का अभाव देखा गया। एकांकी से मिलने वाली शिक्षा में मुख्य बातें स्पष्ट करने में छात्र अक्षम रहे।

(iv) कथन के वक्ता दादा मूलराज की चारित्रिक विशेषताओं के बारे में तो छात्रों ने लिखा परन्तु अपने विचार बहुत ही कम विद्यार्थी लिख पाए।

### *अध्यापकों के लिए सुझाव*

– पाठ की व्याख्या करते समय एकांकी के उद्देश्य शीर्षक की सार्थकता, पात्र–परिचय, संदर्भ आदि का समोचित अभ्यास करवाएँ जिससे छात्र उत्तर लिखते समय भ्रमित न हों। एकांकी का मंचन करवाएँ जिससे छात्रों को मुख्य बातें याद करवाई जा सकें।

– एकांकी की प्रत्येक पंक्ति की व्याख्या करें। ताकि छात्र भ्रमित न हों। इस तरह के प्रश्नों का कक्षा मे अभ्यास अनिवार्य रूप से करवाएँ।

– छात्रों को समझाएँ कि प्रश्न का हर भाग महत्वपूर्ण होता है अतः हर प्रश्न का उत्तर दें। एकांकी को बार–बार पढ़ें।

– कक्षा में विचारात्मक प्रश्नों के अभ्यास अवश्य करवाएँ। पात्रों की चारित्रिक विशेषताएँ विस्तृत रूप से वर्णित करें तथा उनका लिखित व मौखिक अभ्यास भी करवाएँ।

## MARKING SCHEME

## Question 16

**(i)** उपर्युक्त कथन दादा मूलराज छोटी बहू के अतिरिक्त परिवार के सभी सदस्यों से कह रहे हैं। वह समझाते हुए कहते हैं कि छोटी बहू बड़े घर से आई है जहाँ वह सब पर राज़ करती आई है, यहाँ उसे सबसे दबना पड़ता है। वह अक्ल में हम लोगों से बड़ी है। उसकी योग्यता का लाभ उठाना चाहिए। छोटी बहू के व्यवहार से सब परेशान हो जाते हैं।' छोटी बहू घर से अलग होना चाहती है पर दादा जी नहीं चाहते हैं इसलिए वह घर के अन्य सदस्यों को समझा रहे हैं।

**(ii)** सब डालियाँ साथ–साथ फलने–फूलने से आशय है कि परिवार का हर एक सदस्य खुश एवं सुखी रहे। एकता के सूत्र में बँधकर एक–दूसरे को समझकर कार्य करें। डालियाँ शब्द घर के सदस्यों के लिए प्रयुक्त हुआ है।

**(iii)** घर के मुखिया दादा मूलराज की आकांक्षा है कि सभी सदस्य मिलजुल कर रहें खुशहाल और सुखी रहें। वह जानते हैं कि संयुक्त परिवार में रहकर ही सभी सदस्य खुश और सुखी रह सकते हैं। जब घर के सभी सदस्य एक–दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे तो सभी की उन्नति होगी अन्यथा संयुक्त परिवार टूट कर बिखर जाएगा। इस एकांकी से हमें शिक्षा मिलती है कि परिवार के मुखिया को बहुत ही समझदार और न्यायप्रिय होना चाहिए। परिवार के सभी सदस्यों में प्यार और सहानुभूति होनी चाहिए। संयुक्त परिवार की डोर घर के मुखिया के हाथ में होनी चाहिए। यदि परिवार में कोई समस्या आ जाए तो बड़ी सूझ–बूझ से उसे दूर कर देना ही मुखिया का कर्तव्य है।

**(iv)** प्रस्तुत कथन से वक्ता की दार्शनिक, मनोवैज्ञानिक एवं सूझ–बूझ जैसी चारित्रिक विशेषता का पता चलता है। दादा जी ने अपने परिवार को एकता के सूत्र में बाँध रखा है। परिवार में भिन्न–भिन्न व्यक्तियों के स्वभाव में भिन्नता होने पर भी दादा जी एकता की एक ऐसी डोर हैं जिन्होंने अपने पूरे परिवार को एकता के सूत्र में बाँध रखा है। दादा जी एक परिपक्व बुद्धि के स्वामी हैं जो एक ऐसा उपाय ढूँढ निकालते है कि गृहकार्य में सहयोग न करने वाली स्त्री भी घर के कार्यों में स्वेच्छा से सहयोग देने लगती है। संयुक्त परिवार को बनाये रखने में दादा जी ने कोमल स्वभाव द्वारा कठोरता को जीतने की बात सिद्ध कर दी है।

# GENERAL COMMENTS

**विषय परीक्षार्थियों को कठिन लगे**

Q.1- (v) प्रस्ताव–लेखन के लिए चित्र को समझने में छात्रों को कठिनाई अनुभव हुई। उन्होने निबंध का आधार तो बालश्रम बनाया परन्तु चित्र का सटीक वर्णन करने मे असमर्थ रहे।
Q.2- (ii) पत्र लेखन में ओलंपिक की उपलब्धियाँ लिखने में अधिकांश छात्रों को कठिनाई हुई।
Q.4- (ii) विलोम शब्द–'सामिष' तथा 'कृत्रिम' छात्रों को कठिन प्रतीत हुए।
(iii) शुद्ध शब्द–छात्रों ने प्रचुर मात्रा में त्रुटियाँ कीं।
(v)-d अधिकांश छात्र 'विरोध का विशेषण–'विरोधी' जानते थे परन्तु उन्हे वाक्य संरचना में कठिनाई हुई।
Q.11-(iv)'शादी के विषय में समाज की परंपरा के बारे में लिखने में विद्यार्थियों को कठिनाई हुई।
Q.16 (ii) आशय लिखने में छात्रों को कठिनाई हुई। साहित्य खंड में विचारात्मक प्रश्नों के उत्तर लिखने में छात्रों को कठिनाई हुई।

Q.5-(iv) प्रश्न के दूसरे भाग में छात्र भ्रमित दिखाई दिए। इस विचारात्मक प्रश्न का उत्तर लिखने में असमर्थ थे।
Q.7-(iv) प्रश्न के दूसरे भाग में 'रंगे सियार किसके प्रतीक थे ? छात्र भ्रमित दिखाई दिए।
Q.8-(i) 'मेघ कहाँ आए'– इस प्रश्न में छात्र भ्रमित दिखाई दिए।
Q.9-(iv)'प्रेम गली से तात्पर्य' है ? लिखने में छात्र भ्रमित दिखाई दिए।
Q.10-(1)'मातृ मंदिर से क्या तात्पर्य' लिखने में छात्र भ्रमित पाए गए।
Q.11-(i), (ii) इन प्रश्नों में कई छात्र भ्रमित दिखाए दिए। वे मुख्य बिन्दु स्पष्ट नहीं कर पाए।
Q.14 –(ii)'मरहम' का अर्थ एवं तात्पर्य लिखने में छात्र भ्रमित दिखाई दिए।
Q.15-(iv) एकांकी के संदर्भ में कहावत समझाने में छात्र भ्रमित दिखाई दिए।

**विद्यार्थियों के लिए सुझाव**

- निबंध की भाषा सुदंर हो तथा उसमें 8–10 मुख्य–बिन्दुओं का समावेश हो।
- पत्र के प्रारूप का खूब अभ्यास करें।
- छात्र मन लगाकर दिए गए पाठों को बार–बार पढ़ें। प्रश्नोत्तर याद करें तथा लिखित अभ्यास भी करें।
- वर्तनी तथा व्याकरण की त्रुटियों को दूर करें। त्रुटि करने पर सुधार कार्य करें।
- व्याकरण में शब्द भंडार को याद करें। लिंग, वचन, काल आदि के परिवर्तन के नियम याद रखें।
- विषय के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखकर और भली–भाँति पुनरावृत्ति कर स्वयं को परीक्षा हेतु तैयार करें ।
- समय नियोजन का ध्यान रखना अति आवश्यक है ताकि परीक्षा में आप समय पर सारे प्रश्नों के उत्तर लिख सकें ।
- पिछले प्रश्न–पत्रों को लिख कर अभ्यास करें।
- प्रश्न–पत्र को एकाग्रचित्त होकर पढ़ना चाहिए तत्पश्चात् निबंध, पत्र व अवतरण का चुनाव करना चाहिए।
- प्रश्न में पूछी गई सभी बातों पर गौर करें और हर प्रश्न का उत्तर अलग अनुच्छेद में लिखें।
- दिए गए गद्यांश को दो से तीन बार अवश्य पढ़ें फिर प्रश्नों के उत्तर लिखें। उत्तर यथासंभव अपने शब्दों में लिखने का प्रयास करें। ध्यान रहे कि मुख्य बिन्दु सभी होने चाहिए। शिक्षा से संबंधित प्रश्न में दो तीन शिक्षाएँ अवश्य लिखें।
- लेखन कार्य में स्वच्छता लाएँ।